संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -226 रविवार,18 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रुपये

# अब पश्चिम बंगाल में मची जबरदस्त हिंसा

## टीएमसी उम्मीद्वार की पीट-पीटकर हत्या

» टीएमसी ने हत्या के लिए कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार





**कोलकाता,17 जून 2023(ए)।** बंगाल में पंचायत चुनाव के लिए नामांकन के बाद भी हिंसा का दौर जारी है। इसी क्रम में चुनाव से पहले शनिवार को मालदा जिले के कालियाचक इलाके में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक उम्मीदवार की कथित रूप से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम मुस्तफा शेख बताया गया है। वह सुजापुर ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान भी थे। इस बार भी उन्होंने नामांकन दाखिल किया था।

तृणमूल ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि कांग्रेस ने आरोपों को खारिज किया है। इसी के साथ आठ जून को पंचायत चुनाव की घोषणा के बाद से विभिन्न जिलों में हुई हिंसा में अब तक छह लोगों की जानें जा चुकी हैइससे पहले दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में गुरुवार को हुई हिंसा में तीन राजनीतिक कार्यकर्ताओं की मौत हो गई थी।

### बदमाशों ने लाठी व राड से किया हमला

बताया जा रहा है कि ताजा घटना कालियाचक थाना अंतर्गत सुजापुर गांव में दोपहर करीब डेढ़ बजे घटी। आरोप है कि मुस्तफा शेख जब साइकिल से घर लौट रहे थे, तभी उनपर बदमाशों ने बांस, लाठी व रड से हमला किया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### तृणमूल समर्थकों ने किया प्रदर्शन

उनकी हत्या की खबर सामने आते हुए तृणमूल समर्थकों ने मालदा में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 को अवरुद्ध कर जमकर प्रदर्शन किया। वहीं, स्थानीय तृणमूल विधायक व राज्य सरकार में मंत्री सबीना यास्मीन ने दावा किया कि इस हत्या के पीछे कांग्रेस है। उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में कई उपद्रवियों को टिकट नहीं मिलने पर वे तृणमूल छोड़कर कांग्रेस में चले गए। उन्हीं लोगों ने मुस्तफा की हत्या की है। उन्होंने चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत की है। हालांकि कांग्रेस ने दावा किया कि इस घटना में उनकी पार्टी का कोई शामिल नहीं है।

### बीरभूम से भारी मात्रा में हथियार के साथ एक गिरफ्तार

गौरतलब है कि पंचायत चुनाव के मद्देनजर राज्य के विभिन्न इलाकों से हिंसा की लगातार खबरें आ रही है। इस बीच बीरभूम जिले के सिउड़ी बस स्टैंड से एसटीएफ ने भारी मात्रा में हथियार के साथ एक तस्कर रहीम शेख को गिरफ्तार किया है। उसके पास से तीन सेमी आटोमेटिक पिस्टल, एक पाइप गन, पांच मैगजीन और बड़ी संख्या में जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा बीरभूम से पुलिस ने भारी संख्या में बम भी जब्त किया है।

### विपक्षी पार्टियों के नेताओं की हो रही पिटाई

पंचायत चुनाव के नामांकन के दौरान भारी हिंसा के बाद अब नामांकन वापस लेने के लिए विपक्षी दलों के प्रत्याशियों को धमकियां और उनकी जमकर पिटाई भी हो रही है। नदिया जिले के चापड़ा, उत्तर 24 परगना के बारुईपुर, पश्चिम बर्द्धमान के सालानपुर समेत विभिन्न जगहों पर विपक्षी दलों के प्रत्याशियों की पिटाई की गई है और उनसे नामांकन वापस लेने को कहा गया है।

पिटाई में घायल कई प्रत्याशी अस्पताल में भर्ती हैं। सभी मामलों में आरोप सत्ताधारी दल तृणमूल के नेताओं व कार्यकर्ताओं पर लगा है। हालांकि तृणमूल ने आरोपों को खारिज किया है।

### आखिरी दो दिन तृणमूल की ओर से 74 हजार से ज्यादा नामांकन

पंचायत चुनाव के नामांकन के आखिरी दो दिन तृणमूल की ओर से 74 हजार से ज्यादा पर्चे जमा पड़े हैं। इसे लेकर विरोधी दलों ने सवाल उठाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तृणमूल की ओर से कुल 84,107 नामांकन हुए हैं। यह पंचायत की कुल सीटों की तुलना में 10,000 से भी ज्यादा हैं।

गौर करने वाली बात यह है कि नामांकन के पहले चार दिन तृणमूल की ओर से 9,000 से कुछ ही ज्यादा नामांकन पत्र जमा पड़े थे जबकि शेष दो दिन इनकी संख्या 84,000 को पार कर गई है। भाजपा विधायक व बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने इसपर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। दूसरी तरफ तृणमूल का कहना है कि निर्दलीय प्रत्याशियों की संख्या कम करने के लिए पार्टी की ओर से आखिरी समय में अपने प्रत्याशी उतारे गए हैं।

# प्रिंटिंग प्रेस से आरबीआई बैंक तक जाते-जाते गायब हुए 88 हजार करोड़ रुपये के 500 के नोट



**नई दिल्ली,17 जून 2023(ए)।** आरटीआई से हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया है। 88 हजार करोड़ के 500 रु के नोट गायब हैं। बता दें कि टकसालों ने नए डिजाइन किए गए 500 रुपये के 8,810.65 मिलियन नोट जारी किए, लेकिन आरबीआई को केवल 7,260 मिलियन के नोट मिले। मिसिंग नोटों की कीमत 88,032.5 करोड़ रुपये है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, किसी को इसकी जानकारी नहीं है कि गायब हुए 1,760.65 मिलियन 500 रुपये के नोट कहां है, जिसमें अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक नासिक मिंट में मुद्रित 210 मिलियन नोट शामिल हैं। गायब होने वाले नोटों की कीमत 88,032.5 करोड़ रुपये है। बार-बार प्रयासों के बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रवक्ता ने रिजर्व बैंक वॉल्ट से गायब होने वाले नोटों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### यहां होती है नोटों की छपाई

भारत अधिकृत नोट मुद्रण को तीन सरकारी मिंटों भारतीय रिजर्व बैंक नोट मुद्रण (पी) लिमिटेड, बेंगलुरु, करेंसी नोट प्रेस, नासिक, और बैंक नोट प्रेस, देवास में मुद्रित करता है और उन्हें भारतीय रिजर्व बैंक वॉल्ट में भेजता है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में आगे की वितरण के लिए होते हैं।

### आरटीआई से हुआ बड़ा खुलासा

आरटीआई का डेटा अधिकार के तहत जानकारी अधिग्रहण की गई जिसे एक्टिविस्ट मनोरंजन रॉय ने हासिल किया। नासिक करेंसी नोट प्रेस द्वारा 375.450 मिलियन नए डिजाइन के 500 रुपये के नोटों की मुद्रण की गई, लेकिन रिजर्व बैंक के रिकॉर्ड में केवल 345.000 मिलियन नोट मिले हैं, जो अप्रैल 2015 से दिसंबर 2016 तक मुद्रित किए गए थे। पिछले महीने एक अन्य आरटीआई के उत्तर में, नासिक करेंसी नोट प्रेस ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2015-2016 (अप्रैल 2015-मार्च 2016) के लिए 210 मिलियन रुपये के 500 नोट आरबीआई को आपूर्ति किए गए थे, जब रघुराम राजन भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर थे।

नासिक करेंसी नोट प्रेस की रिपोर्ट में दिखाया गया है कि नए डिजाइन के 500 रुपये के नोट भारतीय रिजर्व बैंक को आपूर्ति किए गए हैं, लेकिन रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट में नए डिजाइन वाले 500 रुपये के नोटों की कोई उल्लेख नहीं है, जो उसकी सार्वजनिक डोमेन वार्षिक रिपोर्ट पर सुधार के रूप में जारी की गई है। नासिक करेंसी नोट प्रेस द्वारा प्रदान की गई अधिक जानकारी में दिखाया गया है कि 2016-2017 में भारतीय रिजर्व बैंक को 1,662.000 मिलियन नए डिजाइन के 500 रुपये के नोट आपूर्ति किए गए थे।

# बीएसएनएल में 22 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार

» 21अधिकारियों के ठिकानों पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली,17 जून 2023 (ए)।** सीबीआई ने करप्शन केस के आरोप में बीएसएनएल के 21 अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन 21 अधिकारियों में एक जनरल मैनेजर भी शामिल हैं। जांच एजेंसी ने इस अधिकारियों के 25 ठिकानों पर छापेमारी भी की। जांच एजेंसी के आरोप के मुताबिक, इन अधिकारियों ने बीएसएनएल को धोखा देने के लिए एक ठेकेदार के साथ साजिश रची।





धोखाधड़ी के इस मामले में सीबीआई ने जोरहाट, सिबसागर, गुवाहाटी और अन्य स्थानों पर एक पूर्व जनरल मैनेजर, डिप्टी जनरल मैनेजर, अस्टिटेंट जनरल मैनेजर और चीफ अकाउंट्स ऑफिसर सहित बीएसएनएल असम सर्किल के अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर की. जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि एफआईआर में एक निजी व्यक्ति के नाम का भी उल्लेख है। सीबीआई के प्रवक्ता ने अपने एक बयान में बताया कि आरोप के मुताबिक कॉन्ट्रैक्टर को ओपन ट्रेंचिंग मेथड के माध्यम से 90,000 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क केबल बिछाने का आदेश दिया गया था।

उन्होंने कहा कि कॉन्ट्रैक्ट की शर्तों में हेरफेर की वजह से बीएसएनएल को करीब 22 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि हाल ही में एफआईआर दर्ज होने के बाद सीबीआई ने असम, बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और हरियाणा में आरोपियों के ऑफिसेज और उनके घरों सहित कुल 25 ठिकानों पर छापेमारी की।

# दरगाह को अवैध निर्माण के नोटिस पर हिंसा

» भीड़ ने की पथराव और आगजनी,

» एक की मौत, 174 लोग हिरासत में





**जूनागढ़ ,17 जून 2023(ए)।** गुजरात के जूनागढ़ में अवैध दरगाह के निर्माण पर हिंसा हो गई। अवैध रूप से निर्मित की गई दरगाह को हटाने का नोटिस जारी होते ही मुस्लिम समुदाय ने इसका विरोध शुरू कर दिया। अब ये विरोध बवाल में तब्दील हो गया है। शुक्रवार रात अवैध दरगाह को लेकर भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान समुदाय के लोगों की तरफ से जमकर पत्थरबाजी भी की गई। बताया जा रहा है कि, हिंसा में एक की मौत हो गई है। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 174 लोगों को हिरासत में ले लिया है।

वहीं, पुलिस इस स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए पहुंची तो लोगों ने पुलिस पर भी हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस और समुदाय के लोगों के बीच झड़प देखने को मिली। लागों ने मजेवड़ी पुलिस स्टेशन पर भी हमला कर दिया। घटना में डिप्टी एसपी, महिला पीएसआई और एक पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं।

गुस्साई भीड़ ने कई वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने इन सभी को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज भी किया। इसके बाद इलाके में भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है और कोई बड़ी घटना ना हो इसके लिए बड़ी संख्या में पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की टीम को बुला लिया गया है।

दरअसल, प्रशासन की तरफ से जूनागढ़ के उपरकोट एक्सटेंशन में एक दरगाह को लेकर नोटिस जारी किया था। उन्होंने कहा था कि, यह दरगाह अवैध रूप से बनाई जा रही है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की और विरोध किया। बीती रात यह गुस्सा बेकाबू हो गया और जूनागढ़ में जंग जैसे हालात पैदा हो गए। बता दें कि जिस दरगाह को हटाने का नोटिस जारी किया था, वह मजेवड़ी दरवाजे के ठीक सामने स्थित है।

# मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को 4 जुलाई को पेशी पर बुलाया



**नई दिल्ली,17 जून 2023 (ए)।** मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ गुजरात कोर्ट द्वारा दोषी करार दिए जाने के बाद उनकी सांसदी चली गई तो वहीं अब रांची कोर्ट ने उन्हें आखिरी समन जारी करते हुए 4 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के आदेश दिए हैं।

इसके बाद मामले की सुनवाई के लिए राहुल गांधी की उपस्थिति को लेकर कोर्ट ने पहले भी समन जारी किए थे। राहुल गांधी के वकील ने फरवरी में उपस्थिति से छूट की अर्जी दाखिल की थी, जिसे अदालत तीन मई को खारिज कर दिया था। कोर्ट ने राहुल गांधी को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के निर्देश दिए थे। अब एक और समन जारी करते हुए उन्हें पेश होने को कहा गया है। मामले की सुनवाई के दौरान राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट से 15 दिनों का समय मांगा था। इस पर कोर्ट ने 4 जुलाई की तारीख तय की है।

# बीजेपी नेताओं के घर को जलाने की कोशिश

» सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच रातभर झड़प में दो घायल

**इंफाल ,17 जून 2023 (ए)।** मणिपुर में हिंसा की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इंफाल में भीड़ ने जहां भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के घर जलाने की भी कोशिश की वहीं सुरक्षाबलों और भीड़ के बीच बीती रातभर हुई झड़पों में दो नागरिक घायल हो गए। मणिपुर के बिष्णुपुर जिले के चाकटा और चुराचांदपुर जिले के कंगवई में पूरी रात गोलीबारी होने की खबर है। इंफाल पश्चिम के इरिंगबाम पुलिस थाने में लूट की कोशिश की गई। हालांकि, इस दौरान कोई हथियार चोरी नहीं हुआ।

अधिकारियों के अनुसार, दंगाइयों को इकट्ठा होने से रोकने के लिए सेना, असम राइफल्स और मणिपुर रैपिड एक्शन पोर्स ने इंफाल में आधी रात तक संयुक्त मार्च निकाला। लगभग 1,000 लोगों की भीड़ ने महल परिसर के पास स्थित इमारतों में आग लगाने की कोशिश की। अधिकारियों के मुताबिक, आरएएफ ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबड़ की गोलियां चलाईं। इंफाल में भीड़ ने विधायक बिस्वजीत के घर में आग लगाने की कोशिश भी की। हालांकि, आरएएफ की टुकड़ी ने भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इसी तरह, आधी रात के करीब इंफाल में पोरमपेट के पास बीजेपी (महिला शाखा) की अध्यक्ष शारदा देवी के घर में भीड़ ने तोड़फोड़ करने की कोशिश की। सुरक्षाबलों ने युवकों को खदेड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले दिन में भीड़ ने शुक्रवार को इंफाल शहर के बीचोंबीच सड़कों को जाम कर दिया और संपत्ति को आग लगा दी। केंद्रीय मंत्री आर के रंजन सिंह के घर पर बृहस्पतिवार रात हमला किया गया और उसे जलाने का प्रयास किया गया।



एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी का शाही महल के पास स्थित गोदाम शुक्रवार को पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गया। सुरक्षा गार्ड और दमकलकर्मी भीड़ द्वारा आगजनी के कई प्रयास नाकाम करने में सफल रहे। गोदाम में आग लगाने के बाद शुक्रवार शाम भीड़ आरएएफ कर्मियों से भिड़ गई। अधिकारियों ने कहा कि भीड़ ने वांगखेई, पोरोमपत और थंगापत में सड़कों पर टायर, लकड़ी और कचरा भी जलाया, जिससे मणिपुर की राजधानी में यातायात प्रभावित हुआ।

# जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में महसूस किए गए भूकंप के झटके





**जम्मू ,17 जून 2023(ए)।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3 मापी गई। रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप शनिवार की दोपहर 2.03 बजे आया। भूकंप का केंद्र 33.31 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 75.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर था। कहीं से भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

इससे पहले 13 जून को डोडा में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। डोडा में आए भूकंप की तीव्रता 5.4 थी। भूकंप ने जम्मू-कश्मीर के डोडा और किश्तवाड़ जिलों को हिला दिया था। डोडा, किश्तवाड़ और रामबन जम्मू कश्मीर में चिनाब घाटी क्षेत्र का हिस्सा हैं।

# मूसेवाला हत्याकांड के सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने के आदेश

**मानसा,17 जून 2023(ए)।** दिवंगत गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की सुनवाई के दौरान एक भी आरोपी अदालत में पेश न किए जाने के बाद मानसा की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ने जेल प्रशासन को सभी आरोपियों को 28 जून को व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये अदालत में पेश किए जाने के आदेश जारी किए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मूसेवाला मर्डर केस की सुनवाई करते हुए मानसा की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुरभि पराशर ने कहा कि इन आरोपियों के वारंट 28 जून के लिए फिर से जारी किए जाएं और जेल अधीक्षकों को निर्देश दिया जाता है कि वे उन्हें व्यक्तिगत रूप से या वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में पेश करें।

बता दें कि सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड मामले में बीते दिनों आरोपियों को एक बार फिर कोर्ट में पेश नहीं किया गया। जिसके बाद आज कोर्ट ने जेल प्रशासन को ये आदेश जारी किए हैं।





मूसेवाला मामले में पंजाब पुलिस द्वारा चार्जशीट दायर किए हुए 9 महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अदालत ने अभी तक आरोपियों के खिलाफ आरोप तय नहीं किए हैं।

सीजेएम ने अब तक गैंगस्टर लॉरेंस, गोल्डी बराड़ और जग्गू भगवानपुरिया सहित 31 अभियुक्तों के खिलाफ दो चार्जशीट दायर की हैं। इस मामले में अभी तक 6 से ज्यादा आरोपियों को एक दिन में कोर्ट में पेश नहीं किया गया है। लॉरेंस को 27 सुनवाई में सिर्फ एक बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया है। कुल 31 आरोपियों में से पुलिस ने 27 को गिरफ्तार किया था, लेकिन उनमें से दो मनदीप सिंह और मनमोहन सिंह तरनतारन जिले की गोइंदवाल जेल में हुई झड़प में मारे गए थे।

गोल्डी बराड़, लिपिन नेहरा, अनमोल बिश्नोई, लॉरेंस के भाई और उनके भतीजे सचिन बिश्नोई थापन विदेश में बैठे हैं। अभी 25 आरोपी जेलों में बंद हैं।

# एस.जी.सूर्या गिरफ्तार,अन्नामलाई ने की निंदा



**चेन्नई ,17 जून 2023(ए)।** तमिलनाडु भाजपा के राज्य सचिव एसजी सूर्या को मदुरै के सांसद और माकपा नेता सु वेंकटेशन के खिलाफ उनके ट्वीट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मदुरै साइबर सेल पुलिस ने शुक्रवार रात आरोपी को गिरफ्तार किया।

भाजपा तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने इसकी निंदा करते हुए पुलिस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने एक ट्वीट में कहा कि सूर्या ने कोई अपराध नहीं किया है। उन्होंने कम्युनिस्टों के दोहरे मानकों को उजागर किया, जो डीएमके के सहयोगी हैं। उन्होंने कहा, बोलने की आजादी को कम करने के लिए राज्य तंत्र का इस्तेमाल करना और जरा सी आलोचना से घबरा जाना लोकतांत्रिक ढंग से चुने गए नेता के लिए शोभा नहीं देता। यह निरंकुश नेता बनने के संकेत हैं

उन्होंने ट्वीट किया, निरंकुश लोगों से प्रेरणा लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन राज्य को जंगल में बदल रहे हैं।अन्नामलाई ने कहा कि इन कार्रवाइयों से पार्टी को डर नहीं लगता और हम कड़वा सच बोलते रहेंगे।

## संपादकीय

# केजरीवाल की नजर लोकसभा चुनाव पर

दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली करके आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर अपनी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षा जाहिर की है। उन्होंने रैली में जिस अंदाज में भाषण किया और जो मुद्दे उठाए उससे भी लग रहा है कि वे लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कर काम कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में 12 साल पहले की याद दिलाई, जब इसी रामलीला मैदान में अन्ना हजारे के नेतृत्व में इंडिया अगेंस्ट करप्शन का आंदोलन चला था। केजरीवाल उस आंदोलन के सूत्रधार थे। तब उस आंदोलन का फायदा भाजपा उठा ले गई थी क्योंकि तब केजरीवाल की पार्टी नई थी और उसके पास पूरे देश में संगठन नहीं था। अब वे पूरे देश में चुनाव लड़ने को तैयार हैं। तभी उन्होंने दिल्ली सरकार के अधिकारियों के तबादले और नियुक्ति को लेकर केंद्र की ओर से लाए गए अध्यादेश को अखिल भारतीय रूप दिया है।

केजरीवाल ने कहा कि यह सिर्फ दिल्ली का मामला नहीं है। उन्होंने राजस्थान, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का जिक्र करते हुए कहा कि कल इस तरह का अध्यादेश किसी भी राज्य में लागू हो सकता है। उन्होंने सभी राज्यों को चेतावनी दी और संविधान से लेकर संघीय ढांचे के खतरे का भय दिखाया। केजरीवाल ने अपने भाषण में 140 करोड़ लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अध्यादेश के मसले पर देश के 140 करोड़ लोग दिल्ली वालों के साथ हैं। इससे पहले सिर्फ प्रधानमंत्री ही 140 करोड़ लोगों का जुमला बोलते थे। रामलीला मैदान से केजरीवाल ने भी यह जुमला बोला। रैली से पहले वे देश भर में घूमे हैं और विपक्षी पार्टियों के नेताओं से मिले हैं। उनकी रैली में एक और खास बात यह रही कि जाने माने वकील और कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कपिल सिब्बल संविधान विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। ध्यान 12 साल पहले की रैली में संविधान विशेषज्ञ प्रशांत भूषण थे और आज सिब्बल हैं। उनके मंच पर होने से केजरीवाल के मुद्दे को वैधता मिली है।

# बच्चों के लिए उनके पिता ही सुपर हीरो होते हैं

» **धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः। पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता**

» **पिता आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के सभी देवता निवास करते हैं**

वैश्विक स्तरपर सभी देशों में जून के तीसरे सप्ताह के प्रथम रविवार को पिताजी दिवस मनाया जाता है जो इस वर्ष 18 जून 2023 को आया और हम बड़े चाव, लगन श्रद्धा, भाव से मना भी रहे हैं। इस दिवस को हर देश से लेकर हर व्यक्ति तक मनाने का अलग अलग तरीका है। यह दिन पूरी तरह से दुनिया भर के सभी पिताओं को समर्पित है। एक बच्चे के जीवन में, पिता की भूमिका अपूरणीय होती है। जो व्यक्ति हमारे जीवन में सदैव स्थिर रहेगा, हमारे अच्छे और बुरे समय में हमारा साथ देगा और हमें सही रास्ते पर ले जाएगा, वही हमारे पिता हैं।

साथियों बात अगर हम पिताजी के अतुलनीय स्थान और गाथा की करें तो हजारों वर्षों से भारतीय संस्कृति में पिता का स्थान आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के देवता निवास करते हैं जिसे हमारे ग्रंथों महापुराणों में श्लोकों के द्वारा बताया गया है। पिता धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः।पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता।।पिता ही धर्म है, पिता ही स्वर्ग है और पिता ही सबसे श्रेष्ठ तपस्या है। पिता के प्रसन्न हो जाने पर सारे देवता प्रसन्न हो जाते हैं।पिता के महत्व को प्रदर्शित करता हुआ यह बहुत महत्वपूर्ण व सूंदर मंत्र है इसलिए अनेक पुराणों व् ग्रंथों में इसका उल्लेख किया गया है।

पितृभिः ताडितः पुत्रः शिष्यस्तु गुरुशिक्षितःधनाहतं स्वर्ण च जायते जनमण्डनम।

श्लोक-पिता द्वारा डांटा गया पुत्र, गुरु के द्वारा शिक्षित किया गया शिष्य, सुनार के द्वारा हथौड़े से पीटा गया सोना, ये सब आभूषण ही बनते हैं।

पितृन्नमस्येदिवि ये च मूर्त्ताः स्वधाभुजः काम्यफलाभिसन्धौ ॥प्रदानशक्ताः सकलेप्सितानां विमुक्तिदा येऽनभिसंहितेषु ॥

मैं अपने पिता को नमन करता हूँ जो सभी देवताओं का प्रत्यक्ष रूप हैं, जो मेरी सभी आकांक्षाओं को पूर्ण करते हैं। मेरे पिता मेरे हर संकल्प को सिद्ध करने में मेरे आदर्श हैं, जो मेरी कठिनाइयों एवं चिंताओं से मुझे मुक्त करते हैं ऐसे प्रभु के रूप में विघ्नहर्ता को प्रणाम करता हूँ। ऐसे हमारे श्लोक सदियों पूर्व लिखें हुए हैं जिनसे यह विदित होता है कि भारत में पिता का स्थान देवता तुल्य है।



साथियों बात अगर हम बच्चों के लिए पिता ही सुपर हीरो होने की करें तो पिता और बच्चों का रिश्ता स्नेह के साथ ही जिम्मेदारी, सुरक्षा और फिक्र का रिश्ता है। मां शिशु को 9 महीने कोख में रहती है और पिता बच्चे के आत्मनिर्भर होने तक उसकी जिम्मेदारी लेते हैं। हर पिता अपने बच्चे से प्यार करता है लेकिन उसके भविष्य को संवारने और आदर्श जीवन देने के लिए सख्ती दिखाने से भी पीछे नहीं हटता है। पिता को त्याग और समर्पण का उदाहरण कह सकते हैं। कई बच्चों के लिए उनके पिता ही सुपरहीरो होते हैं। हालांकि अक्सर बच्चे पिता के सामने अपनी इस भावना को व्यक्त करने में पिछड़ जाते हैं। पिता के प्रेम और त्याग को सम्मान देने के लिए दुनियाभर में हर साल फादर्स डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की शुरुआत एक बेटी ने की, जो अपने पिता से बेहद प्यार करती थी। आज हर बेटा और बेटी अपने पिता को खास महसूस कराने के लिए फादर्स डे मनाते हैं।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष के आधुनिक डिजिटल युग में पिताजी दिवस मनाने की करें तो हमें इस दिन को हर साल अपनी भारतीय संस्कृति, ग्रंथों महापुराणों में लिखे वचनों के अनुसार मनाने का संकल्प लेना होगा न कि पाश्चात्य शैली से मनाने की बात होनी चाहिए!! क्योंकि हम अपने पिताजी, अब्बा जान, को सिर्फ बधाई, गुलदस्ता , कोई गिफ्ट बुके या उन्हें घुमाने फिराने ले जाने भर से और केवल एक दिवस के लिए ही नहीं होगा बल्कि हमें इस दिन संकल्प लेना है कि हमारे पिताजी अब्बा जान हमारी धरोहर हैं हमारे देवता ईश्वर अल्लाह हैं उनका सम्मान ध्यान पूजा हम उसी तरह करेंगे जैसा हमारी आस्था अपने अपने धर्म और मज़हब में है ऐसा संकल्प हमें हर साल 18 जून को दोहराना होगा।


साथियों मेरा मानना है कि देवी देवता ईश्वर अल्लाह हमारी आस्था के प्रतीक हैं। हमारी आध्यात्मिकता की धरोहर हैं उनका सम्मान पूजा-पाठ भी जीवन में जरूर है, परंतु उससे पहले हमें अपने माता-पिता का ध्यान रखना होगा उनका मान सम्मान पूजा करनी होगी बाकी सब बाद में!क्योंकि हमने हमारे ही श्लोकों में पाए हैं कि इनमें ही हमारे सभी लोकों के देवता निवास करते हैं तो फिर हम कहीं और क्यों अपना ध्यान बांटे? साथियों बात अगर हम हमारे पिताजी की दैनिक जीवन में भूमिका की करें तो, कहते है कि दुनिया में मां और बच्चे का रिश्ता सबसे बड़ा होता है। मां बच्चे को जन्म देती है, उसे बड़ा करती है। लेकिन एक पिता बच्चे को सभ्य बनाने के साथ ही उसके भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाता है। बच्चे के जीवन में पिता का रोल मां जितना ही है। पिता त्याग और समर्पण का उदाहरण है। एक पिता ही बच्चे को समाज की हर बुराई से बचाता है। पिता बच्चों की जरूरतों को पूरा करने के लिए खुद संघर्ष करते हैं। उनके भविष्य को संवारने के लिए दिशा निर्देशन करते हैं। मां तो मातृत्व न्योछावर कर देती है लेकिन बच्चे को सही मार्ग दिखाने के लिए पिता को कठोर बनना पड़ता है। पिता अक्सर बच्चे के प्रति उस तरह का प्यार जता नहीं पाते, जैसे मां जताती हैं लेकिन बिना दिखाए या जताए जीवन भर की खुशियां बच्चे को देने का काम एक पिता ही कर सकता है। पिता के इसी प्रेम, त्याग को सम्मान देने के लिए दुनिया के तमाम देशों में फादर्स डे मनाया जाता है।

साथियों जीवन में पिता का होना बहुत जरूरी होता है, पिता से ही बच्चों की पहचान है। उनका प्रेम अनमोल होता है, माता पिता के आशीर्वाद से दुनिया की बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल की जा सकती है। कोई भी समस्या हो उसका समाधान पिता के पास होता है, बच्चों को पिता की महत्ता का पता जब वे खुद माता पिता बनते हैं, तो और अधिक होता है।

साथियों बात अगर हम पिताजी दिवसको मनाने के इतिहास की करें तो इस दिन की शुरुआत संभवत अमेरिका से हुई थी इसकी कई कहानियों में से एक सोनेरा लुईस स्मार्ट नामक महिला नें छोटी सी उम्र में अपनी मां को खोया था और उनके पिताजी ने परिवार का पालन पोषण कर मां पिता का फर्ज अदा किया।

साथियों वर्ष 1909 में, सोनोरा ने किसी सभा में मातृ दिवस के बारे में सुना। तब उन्हें यह विचार आया कि अगर मां की ममता के लिए एक दिन समर्पित किया जा सकता है, तो पिता के योगदान के लिए क्यों नहीं? उन्हें इसे आधिकारिक दिन बनाने के लिए संघर्ष किया। लोगों से बात की, जब जाकर कई स्थानीय पादरियों ने इस विचार को स्वीकार किया। ऐसा माना जाता है कि 19 जून 1910 को पहला अनौपचारिक फादर्स डे मनाया गया था।सन् 1966 में अमेरिका के राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने पिताजी दिवस मनाने की आधिकारिक घोषणा की थी।इसके बाद 1972 से अमेरिका में जून के तीसरे रविवार को पिताजी दिवस यानी पितृ दिवस मनाया जाने लगा।

अतः अगर हम उपरोक्त प्रकरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि पितृ देवो भवः पिताजी दिवस 18 जून 2023 पर विशेष धर्मः पिता स्वर्गः पिता हि परमं तपः।पितरि प्रीतिमापन्ने प्रीयन्ते सर्वदेवता।। पिता आकाश से ऊंचा है जिसमें सभी लोकों के सभी देवता निवास करते हैं,ग्रंथों महापुराणों में श्लोकों से ऐसा बखान हमारी संस्कृति का हिस्सा है।



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## पर्यावरण संरक्षण

देख रहे है जनता सुविधा
वर्तमान को देखकर
रोड सड़क से पेड़ काटकर
करते जा रहे है विध्वंस
अपनी सुविधा के खातिर
वे फैला रहे है प्रदूषण
खेत खलिहान में आग लगाकर
प्रकृति से लड़ रहे सज्जन
सुधर जाओ साथी,सम्हल जाओ भाई
भविष्य की करो तुम चिंतन
ना बचाओगे तुम अभी तो
हो जायेगी तुमको दिक्कत
मर जायेंगे हम एक दिन या
मार डालोगे सबको तुम
चलो मित्रो चलो भाई
मिलकर करेंगे पौधा रोपण



**शशांक कंसारी**
मेघा, धमतरी
(छत्तीसगढ़)

## लू एक भीषण गर्मी

आकाश से आग बरसा रहा है सूरज।
गुस्सा शांत करो,सुन लो मेरी अरज।।
झुलस रहे हैं निरीह सभी जीव-जंतु।
राहगीर हुए मूर्छित,तड़प रहे आगन्तु।।
तेजपुंज से पीघल रहा है हाड़-मांस।
भूगर्भिक प्राणी की रुक रही है साँस।।
सूख चुकी है नदी,चिलचिलाती धूप में।
लू बन कर आया है काल के रूप में।।
गर्म हवाएँ पी लेती है बादल का पानी।
जाने कहाँ अदृश्य हो गई बरखा रानी?
प्यारी पक्षियों के घोंसले से धुआँ उड़े।
फूल और पत्तियाँ जली पेड़ों से जुड़े।।
दानव बन बैठा है जंगल की दावानल।
निगल रहा जीवधारियों को पल-पल।।
पहियों के टायर में विस्फोट हुआ बम।
गगन में उड़े मानव,आवाज आई धम।।
जख्मी पड़ा सपाट सड़क दर्द में परेशान।
डामर की चमड़ी अब जा रही शमशान।।
धरती माँ आँचल पसार माँग रही वरदान।
हे प्रभु !अब तो पानी बरसा दो भगवान।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

## समर कैंप

गर्मियों की छुट्टियां होते ही समर कैंप की भरमार लग जाती है हर सोसाइटी, छोटे बड़े स्कूल सब जगह बस एक ही गूंज रहती है समर कैंप जिसमें विभिन्न एक्टिविटी होती हैं स्विमिंग,कुकिंग, पेंटिंग, नृत्य, संगीत, जुडो, कराटे,अनेक खेल बच्चे भी मानो साल भर इंतज़ार करते हैं गर्मियों की छुट्टियां होने और समर कैंप में जाने का।

दीपू जो अपने बाबा के साथ चाय की रेड़ी पर बैठता है अक्सर सजे धजे मुस्कराते बच्चों को इन में जाता देखता तो अक्सर अपने बाबा से पूछता ÷बाबा ये समर कैंप होता क्या है÷?

बाबा उसे झल्ला कर कह देते बेटा सब अमीरों के चोंचले हैं और कुछ नहीं। बड़ी बड़ी गाड़ियों में आते हैं बच्चों को छोड़ जाते हैं ताकि कुछ समय घर से दूर रहे हैं, घर में बच्चे उधम न करें। पूरा टाइम अपने बच्चों को ही संभालने में रहेंगे तो अपनी किटी पार्टी, घूमना, शॉपिंग, सोशल ज़िन्दगी वगेरा कैसे जियेंगीं।

समर कैंप तो एक निज़ात सी मिल जाती है माँ बाप को बच्चों से की बिजी रहेंगे और थोड़ा बहुत कुछ न कुछ सीख लेंगे।

तभी दीपू बोला बाबा आज क्या आपकी जगह मैं चाय दे आऊँ बगल के स्कूल में। बाबा ने कड़ाई से पूछा क्यों? दीपू बोला बस ऐसे ही बाबा जाने दो न बस एक बार (असल में तो उसे एक बार खुद देखना था समर कैंप)।

बाबा बोले अच्छा जा दे आ गर्म केतली है चाय से भरी ध्यान से ले जाना।

बस दीपू को तो जैसे पंख मिल गए वो बड़ा खुश खुश उछलता , कूदता, खिलखिलाता एक हाथ में चाय की केतली और दूसरे में कागज़ के छोटे गिलास ले चल पड़ा आज तो समर कैंप को देखने की उसकी मुराद पूरी हो गयी हो।

जैसे ही स्कूल के गेट पर पहुंचा सजावट देख ठिठक गया। रंगीन गुब्बारों , रंगीन पोस्टर, रंगीन छाते और न जाने क्या क्या लगा था । वो इस चकाचौंध को निहारता हुआ आगे बढ़ा तो स्विमिंग पूल में बच्चे खूब मस्ती कर रहे थे तभी उसे आवाज़ लगी स्विमिंग कोच की छोटू एक कप चाय दे। दीपू झेंपते हुए स्वीमिंग पूल के किनारे किनारे चलते हुए उन तक पहुंचा÷तभी कुछ बच्चे छोटू छोटू कह उस पर पानी फेंकने लगे, जिस से वो झेंप गया÷ तभी कोच ने बच्चों को समझाया बेटा गलत बात ऐसे नहीं करते चलो अपनी अपनी स्विमिंग पर ध्यान दो।

अब दीपू अंदर की ओर गया तो कुछ बच्चे गाना गा रहे तो कुछ डांस कर रहे थे। सब एक से एक सुन्दर कपड़ों में तभी दीपू ने खुद की ओर देखा फटी हुई निकर, फटी बनियान और छिले हुए नंगे पैर। वो ठिठक सा गया मन किया बस भाग जाए पर सबको चाय भी तो देनी थी।

वो हिम्मत कर आगे बढ़ा तो बच्चे सुन्दर सुन्दर मिट्टी के खिलौने, गमले, फूलदान, उन पर रंगाई कर रहे थे। कुछ लोग पेपर पर ड्रॉइंग कर रहे थे। थोड़ा आगे बच्चे जूडो कराटे सीख रहे थे। बाहर की तरफ आया था अलग अलग खेल क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केटबॉल, बेसबॉल, बैडमिंटन , टेनिस आदि सब कितने मस्त, खुश और उत्साहित थे।

दीपू ठगा सा रह गया और बेमन सा लौट आया अपने चाय के ठेले पर। तभी बाबा ने पूछा देख आया समर कैंप जिसके लिए उतावला था जाने को।

दीपू रुआंसा से बोला हाँ देख आया आप सही कह रहे थे ये सब बड़े लोगों के ही बस का है, कल से आप ही जाना चाय देने।

एक सुन्दर सपने से था जो समर कैंप दीपू के लिए अब वो हकीकत बन उसे कचोट रहा था। उदास सा खोया खोया सा दीपू बस चुपचाप सा स्कूल की ओर पीठ कर बैठ गया और फिर कभी न उन गाड़ियों की ओर देखा न बच्चों की ओर, न ही कोई सवाल ही पूछा समर कैंप को लेकर जिसकी तस्वीर वो खुद खुली आँखों से देख आया था। और उसका सच तो था बाबा की चाय की रेढ़ी, एक तरफ उबलती चाय तो दूसरी और चढ़ी कढ़ाई जिस में समोसे, ब्रेड पकौड़े निकलते रहते और लोग जो चाय के साथ समोसे या ब्रेड पकोड़ा खाते जिसका दूर दूर तक समर कैंप से कोई दूर का भी वास्ता न था जो दीपू अब समझ चुका था भले ही दुःखी मन से।



**मीनाक्षी सुकुमारन**
नोएडा
उत्तरप्रदेश

# नई पीढ़ी के लिए विवाह में फ्लेक्सिबल बनना जरूरी है


विवाह यह हमेशा से चुनौतीपूर्ण संबंध रहा है। दो परिचित या अपरिचित लोगों को हमेशा एक-दूसरे के साथ जीना, बैंक बैलेंस से लेकर बेड तक शेयर करना या पसंद-नापसंद को स्वीकार करना, यह सरल बातें पहले भी नहीं थीं और आज भी नहीं हैं। पर पहले सहिष्णुता और समाधान के गुण दोनों के बीच रहते थे, इसलिए विवाह टिके रहते थे।जो है, उसी में खुशी खोजने की आदत संबंधों को जोड़े रखती थी। जुड़े हुए सभी संबंध श्रेष्ठ थे या होते हैं, यह जरूरी नहीं है, परंतु पहले महिलाओं को अपने विवाह को बनाए रखना अति महत्वपूर्ण होता था। इसलिए बहुत कुछ इग्नोर किया जाता था। आज की पीढ़ी में विवाह को टिकाए रखने के लिए महिला और पुरुष दोनों का बराबर प्रयास होना जरूरी है। मात्र प्रयास ही नहीं हक, सम्मान, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और फर्ज सब बराबर होना चाहिए। इसलिए कुछ ऐसी बातें हैं, जो इनके लिए जरूरी हैं।

### सकारात्मक सोच

सकारात्मक सोच आधी समस्या को हल कर देती है और उत्साह को दोगुना कर देती है। शिकागो यूनिवर्सिटी में किए गए एक शोध के अनुसार जो पति-पत्नी सकारात्मक अभिगम वाले होते हैं, उनके बीच संघर्ष की संभावना न के बराबर होती है। पति-पत्नी एक-दूसरे के जीवन में घटने वाली घटनाएं कैसा प्रतिभाव व्यक्त करती हैं इसका असर संबंधों पर पड़ता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे की वाणी-व्यवहार की कद्र करते हैं। इन्हें प्रोत्साहन दें और प्राउड फील करें तो यह संबंधों की सुगंध लंबे समय तक बनी रहती है। गलती या गलत व्यवहार के लिए सीधे लाइफ पार्टनर को जिम्मेदार ठहराने के बजाय अमुक संयोगों में ऐसा हो जाता है, इट्स ओके, जब जागो तभी सवेरा या गलती किससे नहीं होती? यह कह कर सकारात्मक रूप से ट्रीट किया जाए तो संबंधों का बाग प्यार और विश्वास से महक उठेगा।

### अभिव्यक्ति जरूरी

कमजोर अभिव्यक्ति और कम बातचीत धीरे-धीरे संबंधों का प्रेम रस चूस लेती है। बिना कहे जीवनसाथी आप की सारी बातें समझ जाए, यह संभव नहीं है। इसलिए आप क्या चाहते हैं या चाहती हैं, यह कहना जरूरी है। मन की बात मन में रखने से नासमझी बढ़ती है। इसलिए दिल की हर बात शेयर करें, शेयरिंग द्वारा, अंडर स्टैंडिंग द्वारा और लव द्वारा रिस्पेक्ट आएगा। संबंध में अगर ये सब बातें हों तो दूसरा कुछ क्या चाहिए? संबंध टूटने के डर से चुप रहने से शायद संबंध टूटे तो न, पर खोखले तो हो ही जाएंगे।



### दोस्त बनें

पति-पत्नी को दोस्त बनना हो तो निखालसता, विश्वास और सपोर्टिंग नेचर का होना पड़ेगा। जिस तरह दो दोस्त एक दूसरे के सामने बिना किसी दंभ या आवरण के व्यक्त होते हैं, आंख मूंद कर भरोसा करते हैं, अपना नुकसान कर के भी परस्पर सपोर्ट करते हैं, कोई बात बुरी भी लगती है तो भूल कर आगे बढ़ते हैं, एक-दूसरे का मजाक उड़ाते हैं तो नाराजगी भी झेलते हैं। बस, यही बातें पति-पत्नी शुरुआत से ही आचरण में उतार लें तो दो जिगर एक जान जैसी इंटिमसी अवश्य आएगी। दोस्ती बहुत कुछ चलाना, स्वीकारना और भूलना सिखाती है।

### घर के काम में सहयोग

पत्नी वर्किंग वुमन हो तो संवेदनशील पति घर के कामों में पत्नी की मदद करता है। छोटे-मोटे कामों में पत्नी की हेल्प पति के प्रति सम्मान पैदा करती है। पति पत्नी की केयर करता है, चिंता करता है, उसके काम में सहभागी होना चाहता है, यह सोच कर पत्नी के प्यार में पंख फूटते हैं और प्यार दोगुना हो जाता है। पति द्वारा की जाने वाली पत्नी की कद्र किस पत्नी को अच्छी नहीं लगेगी? क्योंकि अब कमाना मात्र पति की ही जिम्मेदारी नहीं है, उसी तरह घर के कामों की भी जिम्मेदारी अब केवल पत्नी की नहीं है।

### अदृश्य अंतर खड़े करने वाले परिबलों से सावधानी

आज टेक्नोलॉजी मनुष्य का दूसरा मित्र है। मोबाइल पर गेम्स, सोशल मीडिया पर चैटिंग, टीवी, वीडियो, फोन पर लंबी-लंबी बातें, मित्रों का जीवन में ज्यादा से ज्यादा महत्व और संबंधियों की दखलंदाजी आदि ऐसे मामले हैं, जो अंतरंग समय और संवाद के मौकों और रोमांस के पलों को कम करते हैं। जिससे संबंध बिना सुगंध वाले फूल जैसे हो जाते हैं और धीरे-धीरे मुरझा जाते हैं। यहां लड़ाई-झगड़ा नहीं होता, किसी तरह का संघर्ष नहीं होता, पर प्यार भी नहीं होता, जिससे उदासीनता-उपेक्षा का एक माहौल बनता है। इससे बचने के लिए इस तरह के अदृश्य परिबलों को जीवन में शुरू में ही आने से रोकें। इन्हें जानों-पहचानों और दूर से विदा कर दो।

### समय दें

विवाह के शुरुआत में एकदूसरे से अलग न होने वाले कुछ ही दिनों में एकदूसरे से भागने लगते हैं। पर यह भागना पलायनवाद है। इससे संबंध सुधरने के बजाय बिगड़ते हैं। तर्क-वितर्क हो या झगड़ा, घुटन हो या थके हों, काम अधिक हो या टेंशन हो। किसी भी स्थिति में एक घंटे तो साथ गुजारें ही। साथ रहने से प्यार बढ़ता है और संघर्ष घटता है। अगर जीवनसाथी के साथ समय गुजारने के बजाय किसी अन्य काम में मन लगने लगे तो चेत जाना चाहिए। साथ रहने से लगाव बना रहता है। वरना नजर से दूर, दिल से दूर होने में समय नहीं लगता।



**स्नेहा सिंह**
नोएडा उत्तरप्रदेश

## पास आने तो दो



ढूंढकर हमको हमारा ठिकाना तो दो।
सांस जब तक चल रही
पास आने तो दो।।
इस तरह हमको घर से निकालो नहीं।
वक्त कम है जरा
पास मुझे आने तो दो।।
चन्द क्षण में प्राण
तन से निकल जायेंगे।
मेरे अधरों पे मुस्कान
जरा आने तो दो।।
उम्र के इस पड़ाव पर
तन्हा क्यूँ मैं हूँ।
घर की खुशियों में
मुझे भी आने तो दो।।
पाँव चलते नही और सहारा भी नहीं।
अपनी पैरों पे पुनः
चल के आने तो दो।।

**प्रभात गौर**
नेवादा जंघई प्रयागराज
उत्तर प्रदेश

## यहाँ मतलब के सब यार है

झूठा-झूठा सब यहाँ लगाव है
मन से तो सदा ही अलगाव है
यहां किसे इस जहाँ से प्यार है
यहां पर मतलब के सब यार है
ओढे झूठ का लबादा यहाँ सभी
कोई कम तो कोई ज्यादा कभी
मिलता कही ना सच्चा यार है
यहां पर मतलब के सब यार है
धन दौलत से प्रेम अब सभी को
अपनो से सरोकार ना किसी को
एक दूजे का सर काटने तैयार है
यहां पर मतलब के सब यार है
जीवन बना है कांटो का ताज
बिगड़े है अब तो सारे सुरसाज
चलो बनाते सपनो का संसार है
यहां पर मतलब के सब यार है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

## परिवर्तन

कॉलेज पढ़ने शहर गये
सतीश ने उमेंदीलाल को
अपने पहले पत्र में
पूज्य बाबूजी प्रणाम लिखा।
दूसरे पत्र में हलो डैड
घसीटे अंग्रेजी में सतीश ने,
पर उमेंदीलाल पढ़ न सका।
हफ़्ते बीते महीने बीते
साल भी चला गया
तीसरा पत्र नहीं आया सतीश का,
पर उमेंदीलाल की
न अंखियाँ थकी, न मन थका।



**टीकेश्वर सिन्हा**
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
(छत्तीसगढ़)

# लगन है आध्यात्मिक लगाव

किसी ने ठीक ही कहा है-
लगन एक छोटा सा शब्द है।जिसे लग जाती है उसका जीवन ही बदल जाता है।

लगन का शाब्दिक अर्थ है-
**लगने का भाव या ध्यान लगने से है।**

अर्थात कहा जा सकता है कि-एकाग्र भाव से ध्यान या मन लगाने की अवस्था या भाव से है।

बात सत्य है यदि हम कोई काम या जिम्मेदारी लेते हैं, तो उसे हम एकाग्र भाव से करें।तभी उसकी सार्थकता है। अपना सारा ध्यान उस पर समर्पित करदें।उस पर पूरी शक्ति लगा दें।उस काम में इस तरह रंग जाएँ की हमारा काम और मैं का भाव खत्म हो जाए।मात्र और मात्र लगन का भाव,शेष रह जाए।जिसको कबीर की भाषा मे सुरति-निरति कहा जाता है।

कबीर कहते हैं कि सुरतिअर्थात ईश्वर प्रेम रस निरति में समा गया है।इसे कहते हैं भगवान का सुमिरन अनन्त प्रेम में परिवर्तित हो जाना।और ईश्वर के प्रति जो प्रेम भक्ति थी वह अंतरात्मा में समा गई।

बाहरी जगत से नाता टूट गया।अर्थात लगन लग गई।

जब बात लगन की हो तो मीरा बाई को भला कैसे भूला सकते हैं।

मीरा बाई को भगवान श्री कृष्ण की भक्ति का ऐसा लगन लगा।की उसके प्रेम की सदा-सदा के लिए दीवानी हो गई।और इस प्रेम-भक्ति को करके वह मीरा बाई अमर हो गई।



तभी तो कहा गया-

**ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन**
**वो तो गली-गली हरि गुन गाने लगी।।**
**महलों में पली,बन के जोगन चली।**
**मीरा रानी दीवानी कहाने लगी।।**

मीरा बाई कहती है मुझे ऐसा धन प्राप्त हुआ है जो बहुत ही अनमोल है।और यह ऐसा धन है जो कभी न कम होता है न खर्च होता है।बल्कि जितना खर्च करो वह उतना ही बढ़ते जाता है।

वो कहती है-
**पायो जी मैंने राम रतन धन पायो**
**वस्तु अमोलक दी मेरे सतगुरु किरपा कर अपनायो।।**

मीरा बाई भगवान श्री कृष्ण के प्रेम की दीवानी है।और वह इतना प्रेम करती है कि उससे एक पल भी अलग नही रहना चाहती।

वो कहती है मेरे प्रेम के दर्द को कोई नही जान सकता,जिसने प्रेम किया है वही समझ सकता है-

**हे री मैं तो प्रेम-दिवानी मेरो दरद न जाणै कोय।**
**घायल की गति घायल जाणै, जो कोई घायल होय।।**

मीरा बाई के प्रेम-लगन में भक्ति है।आस्था है।अटूट विस्वास है।समर्पण है।त्याग है, । बलिदान है।आध्यात्मिकता है।और उसको ऐसा लगन लगा कि उसने अपना राजसी महल,नाता-रिश्ता,मोह-माया और सारी सांसारिक कामनाओं को त्याग दिया।और अपने आप को जोगन बना लिया।

अर्थात भगवान श्री कृष्ण रूपी परमात्मा में में आत्मा रूपी मीरा समाहित हो गई।उसे परमात्मा मिल गये।इसे कहते हैं लगन-लगन।



**अशोक पटेल आश**
तुस्मा,शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

# डाटा लीक की हकीकत क्या है?

आज के डिजिटल जमाने में डाटा लीक होना, सुरक्षित से सुरक्षित सर्वर का हैक हो जाना या पोर्टल में घुसपैठ होना कोई नई या बड़ी बात नहीं है। दुनिया के सबसे विकसित डिजिटल सुरक्षा वाले देशों में भी ऐसा होता रहा है। यह हकीकत है कि सुरक्षा प्रबंधन का काम देखने वाले तकनीकी विशेषज्ञ और हैकर्स में तू डाल डाल, मैं पात पात वाला खेल चल रहा है। सुरक्षा के विशेषज्ञ एक फायरवाल तैयार करते हैं और हैकर्स उसमें सेंध लगाने के रास्ते तलाशते हैं। यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें कुछ भी स्थायी नहीं है। अगर कोई सरकार या संस्थान यह समझ रहा है कि उसने एक फुलप्रूफ व्यवस्था बना ली है तो यह उसका भ्रम है। तभी जब भारत सरकार के कोविन पोर्टल से नागरिकों का डाटा लीक होने की खबर आई तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया हैरान करने वाली थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय से लेकर सूचना व प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि ऐसा नहीं हुआ हो सकता है। यह असंभव है। कोविन पोर्टल से डाटा लीक हो ही नहीं सकता है। यह बहुत हास्यास्पद प्रतिक्रिया है।

सरकार कह रही है कि डाटा लीक नहीं हुआ है और पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। यहां तक कहा गया कि कोरोना की वैक्सीन लगवाने वाले लोगों का डाटा कोविन पोर्टल से लीक होने की खबरें 'निराधार और शरारतपूर्ण' हैं। इसके बावजूद सरकार ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम को इसकी जांच के आदेश दे दिए। अब सवाल है कि डाटा लीक की खबर को 'निराधार और शरारतपूर्ण' बताने के निष्कर्ष पर सरकार किस जांच के आधार पर पहुंची? और जब इस निष्कर्ष पर पहुंच गई तो फिर अब आगे इसकी कौन सी जांच होगी? जाहिर है सरकार ने कोई जांच कराए बगैर अपना निष्कर्ष पहले जारी कर दिया और जांच के आदेश उसके बाद दिए। सो, अंदाजा लगाया जा सकता है कि जांच में क्या नतीजा निकलेगा? जो भी जांच होगी वह अंत में सरकार के निष्कर्ष की ही पुष्टि करेगी। यह तो नहीं हो सकता है कि कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम तीन मंत्रालयों से अलग हट कर रिपोर्ट दे कि डाटा चोरी हुआ है! सरकार की प्रतिक्रिया में इतने विरोधाभास हैं कि उससे संदेह और गहरा हो जाता है। एक तो निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद जांच के आदेश देना और दूसरे सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय का यह कहना चिंता और संदेह पैदा करता है कि अभी जो डाटा टेलीग्राम के बॉट अकाउंट से लीक हुआ है और शेयर किया जा रहा है वह पहले चोरी हुए डाटा का हिस्सा हो सकता है। इसका मतलब है कि पहले कोविन पोर्टल या आधार का डाटा चोरी हो चुका है। इसलिए सरकार को बताना चाहिए कि कब इनके पोर्टल में सेंध लगी थी? उस समय कितने लोगों का डाटा चोरी हुआ और उसके बाद फिर चोरी न हो, पोर्टल में सेंध न लगे इसके लिए सरकार ने क्या नए बंदोबस्त किए? इससे पहले 2021 और 2022 में भी कोविन पोर्टल से डाटा चोरी होने की खबरें आई थीं लेकिन तब भी सरकार ने बहुत साफ शब्दों में इन खबरों को खारिज किया था और कहा था कि कोई डाटा चोरी नहीं हुआ, पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। अब सरकार खुद कह रही है कि पहले चोरी किया हुआ डाटा शेयर किया जा रहा है।

यहां यह भी कंफ्यूजन है कि पहले जो डाटा चोरी हुआ था वह आधार का था या कोविन पोर्टल का था? सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संसद में कहा था कि आधार का डाटा किसी हाल में चोरी नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अरबों बार कोई प्रयास करे तब भी डाटा नहीं चुरा सकता है।

**-अजीत द्विवेदी-**

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# पुलिस ने जन चौपाल लगाकर दी अपराध से बचाव की जानकारी

## धोखाधड़ी से बचाव को लेकर नागरिकों को किया गया जागरूक

### ग्रामीणों को ठगी से सावधान रहने के लिए किया गया जागरूक



#### अवैध कार्यो की सूचना देने की अपील

- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देने, नागरिकों की समस्या-शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने पुलिस जन चौपाल व चलित थाना लगाने, ठगी से बचाव के लिए जागरूक करने तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाए गए अभिव्यक्ति ऐप के बारे में महिलाओं को अवगत कराते हुए ऐप के इस्तेमाल को लेकर जागरूक करने के निर्देश जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को दिए थे। निर्देश के परिपालन में पुलिस चौकी तारा के द्वारा ग्राम तारा में पुलिस जन चौपाल का आयोजन कर जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आमजनता की शिकायतों का सुनकर मौके पर ही निराकरण किया।

#### महिला सुरक्षा एवं ठगी से सावधान रहने किया गया जागरूक

चौपाल में पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी देते हुए अपराध से बचने की समझाईश दी। वर्तमान दौर में किए जा रहे फ्राड जिनमें बैंक एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने तथा बैंक का अधिकारी अथवा कर्मचारी बनकर मोबाइल से आधार कार्ड एवं एटीएम कार्ड की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर बैंक खातों से रकम पार करने की घटित हो रही घटनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए ठगी का शिकार होने से बचने की सलाह दी। इसी क्रम में सोने के जेवरात डबल करने के नाम पर की जा रही ठगी की जानकारी नहीं ग्रामीणों को दी साथ ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उसका पालन करने की अपील की। साईबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों, प्राकृतिक आपदा के मामले में राहत राशि, सहित विधिक जानकारियों से अवगत कराते हुए कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। महिला सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में अवगत कराया। इसी क्रम में नशा न करने की समझाईश देते हुए नशे से होने वाली आर्थिक, सामाजिक एवं शारीरिक हानियों के बारे में अवगत कराया एवं साईबर प्रहरी कार्यक्रम से जुड़ने हेतु ग्रामवासियों को प्रोत्साहित किया।

पुलिस ने जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों को अवैध कारोबार, नशे के धंधे में लिप्त लोगों, जुआ खेलने वालों की सूचना देने की अपील किया ताकि उनके विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जा सके। यातायात नियमों की जानकारी देकर उसका पालन करने, घटना-दुर्घटना की सूचना फौरन देने, सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद कर गुड सेमेटेरियन बनते हुए उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल ले जाने की समझाईश दी गई।

## हैंडपंप खराब होने से ग्रामीणों के लिए पेयजल की समस्या उत्पन्न मरम्मत कराए जाने की मांग



- संवाददाता -
लखनपुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।


लखनपुर विकासखंड के वनांचल ग्राम लोसगा के आश्रित ग्राम देवभूडू वार्ड क्रमांक 13 में 1 माह से हैंडपंप खराब होने से पानी की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई है ग्रामीण को 1 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे है। 17 जून दिन शनिवार को वार्ड क्रमांक 13 पंच भोंदू राम उरांव के द्वारा बताया गया कि देवभूडू वार्ड क्रमांक 13 में लगभग 2 दर्जन से अधिक कोरवा पंडो उरांव समाज कि लोग निवासरत है बस्ती में चार हैंडपंप है। 1 माह से 3 हैंड पंप खराब हो चुका है तो वहीं एक हैंडपंप में कम पानी निकल रहा है। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और पथरीले रास्तों से होकर 1 किलोमीटर दूर पानी लेने जाना पड़ता है। वार्ड पंच भोंदू राम सहित ग्रामीणों के द्वारा सरपंच सचिव को हैंड पंप मरम्मत कराए जाने की मांग की गई परंतु अब तक हैंडपंप का मरम्मत कार्य नहीं हो सका शासन प्रशासन से हैंडपंप मरम्मत कराए जाने की मांग ग्रामीणों के द्वारा की गई है। जिससे ग्रामीणों को बस्ती में ही पेयजल उपलब्ध हो सके और इस समस्या से निजात मिल सके।

इस संबंध में लोसगा सरपंच प्रतिनिधि हरी लाल लकड़ा से फोन पर चर्चा करने पर उनके द्वारा कहा गया कि हैंडपंप मरम्मत कार्य के लिए मैकेनिक को देवभूडू भेजा गया था परंतु बस्ती में कोई व्यक्ति नहीं मिलने के कारण हैंडपंप का मरम्मत कार्य नहीं हो सका जल्द ही हैंडपंप मरम्मत कार्य कराया जाएगा।

**हरिलाल लकड़ा सरपंच प्रतिनिधि**

## बच्चों को तारा मंडल का ज्ञान अर्जित कराने के लिए मोबाइल प्लेनिटोरियम की होगी शुरूआत

» जिला ग्रंथालय में मोबाइल प्लेनिटोरियम का हुआ ट्रायल





- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

बच्चों को तारा मंडल की जानकारी प्रदान करने के साथ ही उनमें विज्ञान के प्रति रुचि बढाने के लिए जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग एक नई पहल करने जा रहा है। कलेक्टर की पहल पर बच्चों के लिए जल्द ही एक मोबाइल प्लेनिटोरियम की स्थापना की जाएगी। इस मोबाइल प्लेनिटोरियम में बैठकर बच्चे अंतरिक्ष में छिपे रहस्यों को जान पाएंगे और उनमें भी स्पेश साइंस के प्रति रुचि बढ़ सकेगी। शनिवार को कलेक्टर की पहल पर जिला ग्रंथालय में मोबाइल प्लेनिटोरियम का ट्रायल किया गया। इस दौरान यहां आए बच्चों को मोबाइल प्लेनिटोरियम दिखाया गया और बच्चे भी पहली बार इसे देखकर काफी उत्साहित हुए। बता दें कि जिले में शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर लगातार नए-नए प्रयास हो रहे हैं। इस बीच कलेक्टर द्वारा बड़े शहरों की तर्ज पर बच्चों को तारा मंडल का ज्ञान अर्जित कराने के लिए भी एक नई पहल की गई है। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों को तारा मंडल व अंतरिक्ष में छिपे रहस्यों से अवगत कराने कब साथ ही उनके स्पेस साइंस के प्रति रुचि बढाने के उद्देश्य से थ्री डी इफेक्ट के साथ मोबाइल प्लेनिटोरियम का प्रदर्शन जिला ग्रंथालय में कराया गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे के नेतृत्व में शिक्षकों और बच्चों को मोबाइल प्लेनिटोरियम दिखाया गया। मोबाइल प्लेनिटोरियम के लिए एक कम्पनी द्वारा अपना सेटअप लगाया गया था जिसमें बच्चों को चंद्रमा, अन्य ग्रहों और तारा मंडल, खगोलीय घटनाओं की जानकारी प्रदान की गई इसके साथ ही विश्व में आकाश की गहराइयों में छिपे हुए रहस्यों को जानने के लिए चल रही कवायद के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कुआं में गिरे भैंस का सफल रेस्क्यू





- संवाददाता -
सूरजपुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत पंपापुर के जूनापारा में गुरुवार की शाम को 8:00 बजे लगभग चरण के कुआं में शिवचरण का भैंस गिर गया था निकालने के दौरान बदबू से 2 लोग घायल हो गए थे सोदन , शिव चरण दोनों की स्थिति ठीक है और को दोपहर में महेश को कुआं से बाहर निकाला गया एवं एक बड़ा हादसा होने से टल गया, दरअसल पंपापुर गांव के एक कुएं में भैंस गिर गया था, जिसको निकालने के लिए गांव के ही दो लोग कुएं में उतरे थे, कुएं में उतरते ही जहरीली गैस की वजह से दोनों ही ग्रामीण बेहोश हो गए, हालांकि अन्य ग्रामीणों के द्वारा उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और इसकी जानकारी आपदा रेस्क्यू टीम को दी गई, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर बी ये सेट मशीन से जहरीली गैस की जानकारी ली, कुएं में लगभग 16.7 प्रतिशत मेथेन गैस पाई गई, जिसके बाद एसडीआरएफ की टीम ने ऑक्सीजन सिलेंडर के सहारे कुएं में उतरकर भैंस का सफल रेस्क्यू किया,, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## गर्मी के कारण छत का दरवाजा खुला छोड़ सोना पड़ा महंगा, दुकान से 73 हजार रुपए चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

शहर के ब्रह्म रोड में एक दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। शुक्रवार की रात भीषण गर्मी के कारण परिवार के लोग छत का दरवाजा खुला छोड़ सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने सिढ़ी के रास्ते दुकान में पहुंचकर गल्ला तोडक़र 73 हजार रुपए पार कर दिया है। घटना की जानकारी लोगों को सुबह हुई। दुकान संचालक ने मामले की शिकायत कोतवाली में की है।

जानकारी के अनुसार गुरप्रीत सिंह भठिया शहर के ब्रह्म रोड स्थित पंचशील गली के रहने वाले हैं। गुरप्रीत सिंह परिवार सहित मकान के ऊपरी मंजिल पर निवास करते हैं और नीचे खालसा ट्रेनिंग कंपनी संचालित है। शुक्रवार की रात भीषण गर्मी के कारण परिवार के लोग छत का दरवाजा खुला छोड़ दिया था और सभी कमरे में सो रहे थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने सीढ़ी के रास्ते नीचे दुकान में प्रवेश किया और गल्ला तोडक़र 73 हजार रुपए पार कर दिया। घरवालों को घटना की जानकारी शनिवार की सुबह सोकर उठाने के बाद लगी। दुकान संचालक ने घटना की सूचना थाने में दी गई है। पुलिस द्वारा सीसी टीवी कैमरे के आधार पर संदिग्धों की पड़ताल की जा रही है।

## ब्रह्मकुमारी संस्था द्वारा अदानी कोल फील्ड कंपनी में एक दिवसीय स्वयं की खोज पर कार्यशाला आयोजित

- संवाददाता -
लखनपुर ,17 जून 2023
(घटती-घटना)।



सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड के ग्राम परसा स्थित अदानी कोल्ड फील्ड कम्पनी में ब्रम्हाकुमारी संस्था लखनपुर द्वारा एक दिवसीय स्वयं की खोज विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्मकुमारी संस्था के संचालिका बी.के. पुष्पा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की आज मानव सागर की गहराई में जाना चाहते हैं आकाश की ऊंचाई को छू लेना चाहते हैं लेकिन मैं कौन हूं इस विषय पर हम नहीं जानते आज व्यक्ति मंगल ग्रह के बारे में जानना चाहते है लेकिन खुद के जीवन में मंगल है ही नहीं तो स्वयं के जीवन में मंगल कैसे ला सकते , जब हम स्वयं को पहचानेगे % स्वयं को पहचान कर अपनी शक्तियों को जागृत करेगे जब हमारी शक्ति जागृत हो जाती हे तो कोई भी काम हमें बोझ नहीं लगता कार्यक्रम के अंत में मेडिटेशन के माध्यम से आत्म अनुभूति भी कराया गया कार्यक्रम में उपस्थित अदानी कोल फील्ड लिमिटेड के अधिकारी राम दिवेदी,शैलेश तिवारी, शशिकांत दुबे सहित 40 कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम शैलेश तिवारी शशिकांत दुबे ने अंत मे कार्यक्रम को सराहा और शुभकामना के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## 16 लाख आवास का पैसा लेप्स करने वाले कांग्रेसियो को अपने गाँव में घुसने मत देना:ज्योतिनंद दुबे

### भाजपा का अम्बिकापुर विधानसभा लाभार्थी सम्मेलन उदयपुर में सम्पन्न

- संवाददाता -
अम्बिकापुर/उदयपुर,
17 जून 2023
(घटती-घटना)।





भारतीय जनता पार्टी का अम्बिकापुर विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन सीता बेन्गरा उदयपुर में भाजपा जिला प्रभारी ज्योतिनंद दुबे के मुख्य आतिथ्य तथा भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता, भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व ओ बी सी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी व पूर्व नगर निगम सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला भाजपा संगठन प्रभारी ज्योतिनंद दुबे ने कहा कि जब चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बनता है तो वो गाँव गरीब किसान की चिंता करता है । आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि गरीब मां की कोख से जन्मा बेटा देश का प्रधानमंत्री बना है । हम आज मोदी सरकार के 09 साल की बेहतरीन उपलब्धियों का हिसाब देने आये हैं । कांग्रेसियों को चुनौती है आकर हमसे बहस कर लें । आगे उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओ के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने गरीबों के आवास के लिए करोडो रुपये छत्तीसगढ़ भेजे परन्तु छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने राज्य का अंश नहीं देकर पैसे को लेप्स करा दिया । 16 लाख प्रधानमंत्री आवास का पैसा लेप्स कराने वाले कांग्रेसियों को अपने गाँव में घुसने मत देना । आप अम्बिकापुर विधानसभा में भाजपा का विधायक बनाओ आपका प्रधानमंत्री आवास हम बनायेंगें । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी में जान जाने की नौबत थी लेकिन ऐसी कठिन परिस्थितियों में भी मोदी जी ने देश के वैज्ञानिको के साथ मिलकर कोरोना का टीका बनवाया तथा मुफ्त में देशवासियों को टीका लगवाकर करोड़ों लोगों की जान बचा ली । उन्होंने देशवासियों को न केवल विभिन्न प्रकार की योजनाओं से लाभ पहुचाया बल्कि देश तथा देश की सीमाओ को सुरक्षित करने का काम भी बखूबी किया ।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि देश का ऐसा कोई परिवार नहीं है जिसको मोदी सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ न मिला हो । छत्तीसगढ़ में भी 15 साल तक जब भाजपा की सरकार थी तब भी हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के लिए योजनायें बनाकर उनको लाभ दिया । गरीबों की भूख की चिंता कर डॉ. रमन सिंह ने 01 रूपए किलो चावल योजना की शुरुवात की जिससे छत्तीसगढ़ के गरीब वर्ग के खाने की चिंता दूर हुई । इस अवसर पर पूर्व ओ बी सी प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के लाल किले से दिए अपने पहले भाषण में कहा था कि मुझे माताओ बहनों की इज्जत की खातिर हर घर में शौचालय बनवाना है, जिसने गरीबी देखी है वही गरीबो का दर्द समझता है । आगे उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर विधायक टी. एस. सिंहदेव पर हमला करते हुए कहा कि बाबा कहते फिर रहें है कि मैं भाजपा में नहीं जाऊंगा, अरे बाबा आपको भाजपा में बुला कौन रहा है, और आपको क्यों स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है?

इस अवसर पर पूर्व नगर निगम सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि मोदी जी ने देश में गरीबों का जनधन खाता फ्री में खुलवाया ऐसा पहले किसी सरकार ने नहीं किया । उन्होंने किसान सम्मान निधि के रूप में 6000 रुपये सालाना किसानों को दिया । ऐसा भी पहले किसी सरकार ने नहीं किया, इसलिए कांग्रेसियो के झांसे में नहीं आना है, जो भी करेंगे मोदी जी ही करेंगें । लाभार्थी सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत त्रिपाठी, आलोक दुबे राजेश अग्रवाल, विकास पाण्डेय, मधुसूदन शुक्ला, अभिषेक शर्मा, गोपाल सिन्हा, कैलाश मिश्रा, राजेन्द्र जायसवाल, राधेश्याम ठाकुर, दिनेश साहू तथा अनिल सिंह ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों का सम्मान भी किया गया । कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता ने तथा आभार प्रदर्शन उदयपुर मण्डल महामंत्री प्रबोध सिंह ने किया । इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मजुषा भगत, मधु चौदहा, मनोज गुप्ता, सन्तोष दास, रुपेश दुबे, राज बहादुर शास्त्री, मुनेशवर राजवाड़े, राम प्रवेश पाण्डेय, रामकेश्वर राजवाड़े, दीपक तोमर, जन्मजय मिश्रा, सन्तोष जायसवाल, चन्द्रबसु यादव, मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, रिंकू सिंह, प्रियंका चौबे, नीलम राजवाड़े, कमलेश तिवारी, बृजेश चतुर्वेदी तथा अनुराग अम्बस्ट सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# नासा अधिकारी बोलीं-भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति,आर्टेमिस समझौते में शामिल होने की जरूरत

**वॉशिंगटन,17 जून 2023।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि भारत वैश्विक शक्ति और अंतरिक्ष तक स्वतंत्र पहुंच वाले देशों में से एक है और उसे आर्टेमिस समझौते का हिस्सा बनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यहअंतरिक्ष खोज में समान विचारधारा वाले देशों को एक साथ लाता है।

### क्या है आर्टेमिस समझौता?

1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि (ओएसटी) में आधारित %आर्टेमिस समझौता% 21वीं सदी में नागरिक अंतरिक्ष खोज का मार्गदर्शन करने के लिए डिजाइन किए गए सिद्धांतों का एक गैर-बाध्यकारी सेट है। यह 2025 तक मानव को चंद्रमा पर उतारने का अमेरिकी नेतृत्व वाला प्रयास है, जिसका अंतिम लक्ष्य मंगल ग्रह और उससे परे अंतरिक्ष अन्वेषण का विस्तार करना है।

### समझौते पर हस्ताक्षर भारत के लिए प्राथमिकता हो

नासा कार्यालय में प्रौद्योगिकी, नीति और रणनीति के लिए सहायक प्रशासक भव्या लाल ने शुक्रवार को पीटीआई को बताया कि मई 2023 तक आर्टेमिस समझौते पर 25 हस्ताक्षरकर्ता हैं और उम्मीद है कि भारत 26वां देश बनेगा। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करना (भारत के लिए) प्राथमिकता होनी चाहिए। मेरा मतलब है..नासा बहुत दृढ़ता से महसूस करता है कि भारत एक वैश्विक शक्ति है। उन्होंने कहा कि यह उन कुछ देशों में से एक है जिनकी अंतरिक्ष तक स्वतंत्र




पहुंच है, एक संपन्न प्रक्षेपण उद्योग है, चंद्रमा पर गया है, मंगल ग्रह पर गया है, इसे आर्टेमिस टीम का हिस्सा होने की आवश्यकता है।

### भारत वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति, सतत खोज को देता है महत्व

भव्या आगे कहती हैं, यह इसको लेकर है कि हम यह कैसे सुनिश्चित करते हैं कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए अंतरिक्ष टिकाऊ रहे। इसलिए, मुझे लगता है कि लाभ यह है कि समान विचारधारा वाले देश जिनके समान मूल्य हैं, उन्हें एक साथ तलाशने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि इसका फायदा यह है कि भारत घोषणा करता है कि वह एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति है और सतत खोज, अंतरिक्ष के जिम्मेदार उपयोग, सहयोग, पारदर्शिता जैसी चीजों को महत्व देता है।

वह कहती हैं, यह इसको लेकर है कि हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि अंतरिक्ष भावी पीढ़ियों के लिए भी टिकाऊ रहे। इसलिए मुझे लगता है कि इसका फायदा यह है कि जो समान विचारधारा वाले देश हैं और जिनके समान मूल्य हैं, यह उनको एक साथ लाने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि भारत एक वैश्विक अंतरिक्ष शक्ति है और सतत खोज, अंतरिक्ष के जिम्मेदार उपयोग, सहयोग, पारदर्शिता जैसी चीजों को महत्व देता है। मथुरा में जन्मी और नई दिल्ली में पली-बढ़ी भव्या लाल ने पहले नासा के कार्यवाहक मुख्य प्रौद्योगिकीविद् के रूप में कार्य किया था और नासा के 60 से अधिक वर्षों के इतिहास में इस पद को संभालने वाली पहली महिला थीं।

## ट्विटर पर टूटा मुसीबतों का पहाड़, किराया न चुकाने की वजह से कोर्ट ने दिया कोलोराडो दफ्तर खाली करने का आदेश

**वॉशिंगटन ,17 जून 2023।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क की तरफ से ट्विटर को खरीदे जाने के बाद से इस कंपनी में कई आमूलचूल बदलाव किए गए हैं। इसमें अधिकारियों और कर्मचारियों को कंपनी से निकाले जाने से लेकर अलग-अलग देशों में ट्विटर के दफ्तर बंद किए जाने से कम शामिल हैं। हालांकि, इसके बावजूद ट्विटर का बिजनेस मॉडल मस्क के लिए लाभ की स्थिति में नहीं पहुंच सका है। इस बीच खबर है कि ट्विटर को अब अमेरिका के कोलोराडो में स्थित अपना दफ्तर भी खाली करना पड़ेगा। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ट्विटर ने कई महीनों से यहां स्थित अपने दफ्तर का किराया नहीं चुकाया, इसकी वजह से कोर्ट ने ट्विटर को ऑफिस खाली करने का आदेश दे दिया है।





न्यूज वेबसाइट डेनवर बिजनेस जर्नल के मुताबिक, कोलोराडो में ट्विटर के किराया न चुका पाने की वजह से एक जज ने बोल्डर शहर के शेरिफ (पुलिस अफसर) को निर्देश दिए हैं कि वे दफ्तर खाली कराकर इसे मकान मालिक को वापस सौंपें। एक और मीडिया समूह डेनवर पोस्ट के मुताबिक, कोर्ट ने किराएदार ट्विटर को हटाने के लिए 31 मई तक का समय दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने कोलोराडो में अपने दफ्तर के लिए फरवरी 2020 में चार बिल्डिंग किराए पर ली थीं। कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, ट्विटर ने इसके लिए किराया भी नहीं चुकाया। इसके बाद अपनी इमारत की किराया वसूली के लिए मकान मालिक ने ट्विटर को नोटिस भी भेजा, लेकिन कंपनी की ओर से इसका कोई जवाब नहीं दिया गया। इस साल मार्च के अंत तक मकान मालिक ने ट्विटर की ओर से जमा किए गए 9 लाख 68 हजार डॉलर (करीब 8 करोड़ रुपये) के लेटर ऑफ क्रेडिट (जमाराशि) को ही किराया मानकर कंपनी की लीज जारी रखी। इस लेटर ऑफ क्रेडिट को लीज के लिए सिक्योरिटी डिपॉजिट भी माना जाता है। हालांकि, लेटर ऑफ क्रेडिट खत्म होने के बाद भी जब ट्विटर ने किराया नहीं चुकाया तो मकानमालिक ने कंपनी से फिर से सिक्योरिटी डिपॉजिट भरने को कहा। इस मांग को ट्विटर की ओर से ठुकरा दिया गया। बाद में मकानमालिक ने ट्विटर के खिलाफ केस किया और किराए के तौर पर 93 हजार 500 डॉलर (करीब 76 लाख रुपये) न चुकाने का आरोप लगाया।

## नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री सहित 16 को रिमांड पर भेजा,कई लोग अभी भी फरार

**काठमांडू,17जून 2023।** नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री और सीपीएन-यूएमएल के एक वरिष्ठ नेता बहादुर रायमाझी समेत 16 लोगों को शुक्रवार को रिमांड पर भेजा गया। इस घोटाले के तहत नेपाली नागरिकों को भूटानी शरणार्थी होने के फर्जी दस्तावेज बनाकर अमेरिका भेजा गया था और लोगों से बड़ी मात्रा में धन भी इकठ्ठा किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, काठमांडू जिला अदालत ने शुक्रवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री टोप बहादुर रायमाझी, पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खंड, सरकार के सचिव (अब निलंबित) टेक नारायण पांडे, पूर्व गृह मंत्री राम बहादुर थापा के सुरक्षा सलाहकार डॉ. इंद्रजीत राय और भूटानी शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल को रिमांड पर भेजा। ये सभी घोटाले में आगे की




जांच के लिए जालसाजी, धोखाधड़ी और संगठित अपराध के आरोपों का सामना कर रहे हैं। रायमाझी को अब नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) पार्टी के सचिव के पद से निलंबित कर दिया गया है। न्यायमूर्ति प्रेम प्रसाद नुपाने की पीठ ने हालांकि इनमें से दो आरोपियों टंका गुरुंग और लक्ष्मी महाराजन को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। जस्टिस प्रेम प्रसाद नूपाने ने लगभग एक पखवाड़े तक चली मैराथन सुनवाई के बाद शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। शरणार्थी घोटाले में 18 आरोपियों में से 16 को आरोपित किया गया है। दो आरोपितों टंका कुमार गुरुंग और लक्ष्मी महाराजन को जमानत पर रिहा किया जाएगा, जिन पर अदालत ने 10 लाख और 5 लाख नेपाली रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत के अंतिम फैसला सुनाए जाने तक ये सभी न्यायिक हिरासत में रहेंगे। लेकिन ये इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं और जमानत मांग सकते हैं। काठमांडू की जिला अटॉर्नी कार्यालय ने 24 मई को घोटाले को लेकर पुलिस रिपोर्ट के आधार पर 18 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

## रूस की परमाणु एजेंसी को अमेरिका कर रहा अरबों का भुगतान,चौंकाने वाली रिपोर्ट आई सामने

**वाशिंगटन,17 जून 2023।** रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल से ज्यादा समय हो गया है। दोनों ही देश हार मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में कई देश यूक्रेन के साथ हैं, जिनमें अमेरिका का नाम भी शामिल है। रूस के प्रति अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए अमेरिका ने जीवाश्म ईंधन खरीदना बंद कर दिया था। हालांकि, इस बीच एक चौंकाने वाली मीडिया रिपोर्ट सामने आई है कि अमेरिका रूस की परमाणु एजेंसी से हर साल करीब 1 अरब डॉलर का ईंधन खरीद रहा है।



हालात बताते हैं कि अमेरिका की परमाणु ऊर्जा पर निर्भरता पहले से और बढ़ने वाली है। इसका कारण यह है कि अमेरिका में कोई भी कंपनी यूरेनियम का उत्पादन नहीं करती है। इसलिए अमेरिका को मजबूरी में रूस के साथ सौदा करना पड़ रहा है।

दरअसल, अमेरिका ने यूरेनियम का संवर्धन और उत्पादन पूरी तरह से बंद कर रखा है। उसने कभी इस तरफ ध्यान नहीं दिया था। पर अब इसकी वजह से उसे रूस के साथ सौदा करना पड़ रहा है। जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू हुआ तो अमेरिका और यूरोप ने कई प्रतिबंध लगाए। अमेरिका ने फैसला लिया कि रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना बंद कर देगा और वह अभी इस फैसले पर कायम है। हालांकि, जब बात यूरेनियम की आई तो अमेरिका को रूस के साथ सौदा करना पड़ा। बताया जा रहा है कि अगर यह सौदा नहीं करता तो अमेरिका खुद मुश्किल में पड़ जाता।

जानकारों की राय में, अमेरिका और यूरोप को यूरेनियम उत्पादन में आत्मनिर्भर होने में एक साल का समय लग सकता है। खास बात ये कि अमेरिका और यूरोपीय देश ही नहीं बल्कि दुनिया के करीब एक दर्जन देश अपनी आधे से अधिक ऊर्जा कंपनियों के संचालन में यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर हैं। रूसी परमाणु एजेंसी यूक्रेन में जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की कमान भी संभालती है।

रोसाटॉम की सहायक कंपनियों को यूरेनियम का भुगतान किया जाता है। अमेरिका में उपयोग किए जाने वाले यूरेनियम का लगभग एक तिहाई अब दुनिया के सबसे सस्ते उत्पादक रूस से आयात किया जाता है। बाकी का ज्यादातर हिस्सा यूरोप से आयात किया जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में संचालित ब्रिटिश-डच-जर्मन कंसोर्टियम द्वारा एक छोटा हिस्सा तैयार किया जाता है। ओहियो प्लांट का संचालन करने वाली कंपनी का कहना है कि रोसाटॉम को टक्कर देने में उसे एक दशक से अधिक का समय लग सकता है।

### शहबाज बने PML-N अध्यक्षः

## मरियम संभालेंगी वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी, नियुक्तियों में नवाज का अहम किरदार

**इस्लामाबाद,17 जून 2023।** पाकिस्तान की राजनीति में आये दिन नए-नए बदलाव हो रहे हैं। पाकिस्तान की सत्ता में काबिज पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) में एक बार फिर संगठनात्मक बदलाव हुए हैं। शुक्रवार को पीएमएल-एन जनरल काउंसिल की बैठक हुई, जिसमें पार्टी के नए पदाधिकारियों का चयन किया गया।

### इन लोगों को मिले यह नए पद

शुक्रवार को हुई जनरल काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पार्टी के नए अध्यक्ष चुने गए। वहीं नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज पार्टी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुनी गई हैं। जबकि, अहसान इकबाल महासचिव के रूप में नियुक्त हुए हैं। मरियम औरंगजेब सूचना सचिव, अताउल्लाह तरार उप सचिव तो और इशाक डार वित्त और विदेश सचिव के रूप में नियुक्त हुए हैं। पदाधिकारियों को निर्विरोध चुना गया, जो पार्टी में एकता का संदेश देता है।



### नवाज शरीफ का पार्टी-सरकार में अहम किरदार

शहबाज शरीफ ने 2018 में पार्टी की बागडोर अपने हाथों में ली थी। क्योंकि उनके भाई और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया था फिर बाद में सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अध्यक्ष के रूप में पार्टी का नेतृत्व करने से रोक दिया था। नवाज 2019 से लंदन में ही रह रहे हैं। वह इलाज के लिए वहां गए थे, तब से वहीं बसे हुए हैं। हालांकि, पार्टी सूत्रों की मानें तो आज भी फैसले नवाज शरीफ की सहमति से ही होते हैं। नवाज ही आज भी सरकार में शीर्ष नियुक्तियां करते हैं। इसी वजह से पिछले साल सत्ता में आने के बाद इस्माइल की जगह इशाक को वित्त मंत्री बनाया गया था।

### वित्त मंत्री की तारीफ

शहबाज ने अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि वह अपने बड़े भाई के सैनिक बनकर काम करना चाहते हैं। नवाज चुनाव से पहले वापस आ जाएंगे। उनके आने के बाद राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रें में बदलाव आएगा। शहबाज शरीफ ने देश में आए आर्थिक संकट पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हम आईएमएफ की शर्तों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने के लिए इशाक डार की भी सराहना की। मरियम नवाज ने कहा कि शहबाज अपने भाई से बिना पूछे कोई फैसले नहीं लेते है। नौ मई को हुई हिंसा के लिए दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय मूल की छात्रा समेत तीन की हत्या के आरोपी की कोर्ट में पेशी; हिरासत में भेजा गया

**लंदन,17 जून 2023।** नॉटिंघम में भारतीय छात्रा सहित तीन लोगों की हत्या करने वाले आरोपी को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। मंगलवार को आरोपी ने नॉटिंघम की सड़कों पर घूम रही भारतीय मूल की छात्रा ग्रेस ओमाली कुमार, उसकी दोस्त बरनबी और विद्यालय की केयर टेकर कोट्स की चाकू मारकर तीनों की हत्या कर दी थी।

### आरोपी को हिरासत में भेजा

वालडो अमिस्साओ मेंडेस कालॉकेन ने कोर्ट में अपना नाम वालडो मेंडेस बताया। नॉटिंघम मजिस्ट्रेट अदालत ने वालडो को हिरासत में भेज दिया है और मंगलवार को नॉटिंघम क्राउन कोर्ट में पेश होने के आदेश जारी किए हैं। वालडो के ऊपर हत्या के साथ-साथ हत्या के प्रयास का भी मामला दर्ज है। आरोप है कि वालडो ने चोरी किए गए वैन से तीन पैदल यात्री वायने बिरकेट, मार्किन गवरोंस्की और शारोन मिलर को कुचलने की कोशिश की थी।

अब, आरोपी के बारे में जानिए




स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वालडो के पास दो देशों पुर्तगाल और गिनी-बिसाऊ की नागरिकता है। आरोपी साल 2007 में अपने परिवार के साथ इंग्लैंड आकर बस गया था। आरोपी भी उसी विश्वविद्यालय में पढ़ता था, जिसमें ग्रेस पढ़ती थी और तो और पिछले साल ही उसने इंजीनियरिंग पास की थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि वह एक ही विश्वविद्यालय में थे, सिर्फ इसलिए हत्या की, यह बोलना अनुचित होगा।

श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया था

बता दें, ग्रेस भारतीय मूल के एक ब्रिटिश डॉक्टर की बेटी हैं। उनके पिता ने 2009 में चाकूबाजी से पीड़ित किशोरों की जान बचाई थी, जिस वजह से उन्हें प्रशंसा भी मिली थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ग्रेस ने इंग्लैंड की ओर से हॉकी में अंडर-18 भी खेला है। इसके पहले वह बेहतरीन क्रिकेटर भी रह चुकी हैं। इंग्लैंड हॉकी ने ग्रेस की याद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। यहां उन्होंने कहा कि नॉटिंघम में मंगलवार को ग्रेस की मौत हो गई, इससे हम सब बहुत दुखी हैं। वहीं, वुडफोर्ड-वेल्स क्रिकेट क्लब ने कहा कि ग्रेस कठोर, प्रतिभाशाली और समर्पित क्रिकेट खिलाड़ी थीं।

### कुलपति ने जताया दुख

विश्वविद्यालय के कुलपति शीयर वेस्ट ने कहा था कि नॉटिंघम सिटी सेंटर में हुए हमले में हमारे विश्वविद्यालय के दो छात्रों की मौत हो गई। इससे पूरा विश्वविद्यालय सदमे में है। इस कठिन समय में विश्वविद्यालय परिवार मृतकों के परिजनों और उनके दोस्तों के साथ है। दुख की इस घड़ी में विश्वविद्यालय संवेदनाएं व्यक्त करता है।

## नेपाल के राष्ट्रपति एक हफ्ते में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती,सीने में दर्द की शिकायत

**काठमांडू,17जून 2023।** नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल एक हफ्ते में दूसरी बार अस्पताल में भर्ती हुए हैं। हाल ही में भारत से इलाज कराकर नेपाल लौटे पौडेल को शनिवार सुबह सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद उन्हें काठमांडू के त्रिभुवन यूनिवर्सिटी टीचिंग हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत सामान्य बताई गई है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

राष्ट्रपति के निजी सचिव ने बताया कि पौडेल को अस्पताल के हृदय रोग विभाग में रखा गया है। उनकी हालत सामान्य है। सूत्रों के मुताबिक पौडेल की तबीत रात 2 बजे बिगड़ना शुरू हुई। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास शीतल निवास से अस्पताल ले जाया गया। उन्हें फिलहाल सीसीयू केबिन में रखा गया है।



बता दें कि पौडेल को इसी हफ्ते शहीद गंगालाल राष्ट्रीय हृदय केंद्र में भर्ती कराया गया था। 78 वर्षीय पौडेल को %दिल का दौरा% पड़ा था, जिसके बाद उनकी एंजियोप्लास्टी की गई। राष्ट्रपति पौडेल को %मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन% (Myocardial Infarction) हो रहा है, जिसे बोलचाल की भाषा में %हार्ट अटैक% कहा जाता है। डॉक्टरों ने कहा कि ऐसी स्थिति मायोकार्डियम के एक हिस्से में रक्त के प्रवाह में कमी या रक्त खत्म होने के कारण पैदा होती है। राष्ट्रपति पौडेल के हृदय के दाहिने कक्ष की एक धमनी में 70 प्रतिशत अवरोध था।

इससे पहले इसी साल अप्रैल में पौडेल को सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन स्थिति में सुधार न होने के बाद उन्हें नेपाल से दिल्ली लाया गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में उनका इलाज कराया गया, जहां उनके फेफड़ों में संक्रमण की बात सामने आई थी।

CMYK

# क्या विधायकों को याद आई जमीन और प्रशासनिक अधिकारियों की पैरवी से मिल गई फुर्सत ?

- » अब नेताओं की मजबूरी है की उन्हे एयर कंडीशनर गाड़ियों से नीचे उतरना पड़ रहा है
- » क्या दोबारा फिर सुख भोगने के लिए जमीन वाले जनता की आ गई याद ?
- » पांचवे साल विधायक नजर आने लगे जमीन पर,जनता के साथ खास से आम बनकर घुलमिल रहे विधायक
- » दोबारा सुख भोगने के लिए कड़ी धूप में भी लोगों के बीच पहुंच रहे विधायक
- » चुनाव जीतने के साढ़े चार सालों बाद विधायकों को जनता की आई याद







- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

आमिर खान की पॉपुलर फिल्म तारे जमीन पर तो आपने जरूर देखी होगी, इस फिल्म में आमिर खान के साथ नन्हे ईशान के रोल में दर्शील सफारी नजर आए थे, 2007 में आई यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी यह फिल्म एक बच्चे पर आधारित है, जिसे पढ़ाई में मन नहीं लगता था पर उसके अंदर कुछ और भी हुनर था जो लोगों को दिख नहीं रहा था, पर उसकी हुनर को एक शिक्षक ने भली-भांति समझा और उसे प्रोत्साहित किया और वह लड़का आसमान की ऊंचाइयों को छूता दिखा ऐसा माने तो आसमान का तारा जमीन पर आ गया, यह तो एक फिल्म की कहानी है पर यदि राजनीति से इसे जोड़ा जाए तो बेहुनर वाले नेता जनता का प्यार पाकर आसमान पर उड़ने लगे हैं, पर यह भूल गए कि यह आसमान भी आपको किसी और ने दिया है, पर अब जब आसमान से नीचे गिरने की बारी आई है तो दोबारा आसमान कैसे मिले इसकी तलाश में फिर से भोले वाले जनता को अपने जाल में फंसाने के लिए जमीन पर उतर आए हैं और उन्हें बता रहे हैं कि हम आपके लिए 5 साल में क्या-क्या किए हैं, पर यह नहीं बता रहे कि हम आपको 5 साल में कितना परेशान किए हैं, सुविधाओं के साथ आपको परेशानियां कितनी हुई हैं, सुविधाओं के नाम पर आपको परेशानी कितनी थी। चुनाव में सिर्फ चंद महीने बचे हैं और कम दिनों को देखते हुए नेता अब आसमान के तारों को जमीन पर तलाशने लगे हैं।

आजकल नेताओं को कड़ी धूप में लोगों से आम व्यक्ति की तरह बनकर मिलना पड़ रहा है। जिन नेताओं ने पूरे साढ़े चार सालों तक आम जनता से खास बनकर मुलाकात की, बड़ी बड़ी एयर कंडीशनर गाड़ियों से जनता तक पहुंचे बड़े कार्यक्रम आयोजित कर खुद ही फूल माला पहनी और लोगों की भीड़ जुटाकर अपने लिए तालियां बजवाईं, वह आज खुद चिलचिलाती धूप में जनता के साथ नजर आ रहे हैं, आए भी क्यों नहीं चुनाव का वक्त जो समीप आ चुका है। साढ़े चार सालों से जो नेता हर सुख सुविधा भोग रहे थे और जिन्हे जनता की तकलीफों से कोई वास्ता नहीं था, उनके अचानक जमीन पर उतरने का कारण भी है, चुनाव जो नजदीक है अब जनता की बारी जो आ चुकी है, अब नेताओं की मजबूरी है की उन्हे आम बनकर लोगों के बीच जाना होगा और उन्हे जतलाना होगा की वह उनके हितैसी हैं वरना जनता ने यदि मुंह फेर लिया तो पूरी सुख सुविधा समाप्त हो जायेगी और हार का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे में अब नेताओं की मजबूरी है की उन्हे एयर कंडीशनर गाड़ियों से नीचे उतरना पड़ रहा है।

### अधिकारियों की पैरवी से लगता है नेताओं को मिल गई फुर्सत

विधायक जिस तरह अब जमीन पर नजर आ रहें हैं और जिस तरह वह जनता से संवाद कर रहें हैं उससे लगता है की उन्हे अब अधिकारियों की पैरवी से फुर्सत मिल गई है। अधिकारियों के साथ पूरे साढ़े चार साल जुगलबंदी करके चल रहे विधायक अब चुनाव करीब आते ही जनता की समस्या जानने की कोशिश कर रहें हैं और उन्हे दूर करने की बात कह रहें हैं जबकि जन समस्या ज्यादातर शासकीय विभागों से ही जुड़ी हुई हैं और उनका निराकरण भी वहीं से होना है और उन विभागो में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी से नेताओं की जुगलबंदी लगातार चली आ रही है ऐसे में समस्याओं का निराकरण होगा यह एक सवाल है।

### पहले से ही दिया गया होता ध्यान तो जन समस्याएं सामने ही नहीं आतीं

वैसे राजनीति भी अजीब चीज है नेताओं को जब वोट लेना होता है तब उन्हे जन समस्याओं की याद आती है,जबकि जब उन्हे जनता चुनकर निर्वाचित करती है वह पूरे कार्यकाल में जन समस्याओं की तरफ ध्यान ही नहीं देते और जनता अपनी समस्याओं को लेकर परेशान ही रहती है। यदि निर्वाचित नेता ही निर्वाचित होने के साथ ही जन समस्याओं का ध्यान रखते समस्याओं का समाधान होता रहता और लोगों को परेशान नहीं होना पड़ता वहीं नेताओं को भी चुनाव के समय जन समस्याओं को लेकर जमीन पर उतरने की जरूरत नहीं पड़ती।

### आखिर नेताओं को अपने कार्यकाल के दौरान जन समस्याओं का क्यों नहीं रहता ध्यान

सवाल यह भी है की जिन नेताओं को जनता चुनकर अपने लिए कुर्सी पर बैठाती है उन्हे अपने कार्यकाल के दौरान जन समस्याओं का ध्यान क्यों नहीं रहता है। वह पूरे कार्यकाल के दौरान जो की पांच वर्ष का रहता है उसमे साढ़े चार साल कहां रहते हैं और किस दुनिया में खोए रहते हैं,नेताओं को जब साढ़े चार साल बीत जाने का एहसास होता है वह सक्रिय हो जाते हैं और जनता के बीच जाकर खुद को जन हितैसी बताने जमीन पर उतरकर जनता की सहानुभूति जुटाने में लग जाते हैं।

### निर्वाचित होते ही जनप्रतिनिधियों का पहला ध्येय निर्माण कार्य होता है,धनार्जन करने में ही लग जाते हैं जनप्रतिनिधि

प्रायः देखा गया है की जैसे ही कोई जनप्रतिनिधि के रूप में निर्वाचित होता है उसका पहला ध्येय निर्माण कार्य होता है और वह धनार्जन में लग जाता है यह आम बात हो गई है। जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यो से ही केवल अपनी उपलब्धि बताने का प्रयास करते देखे जा सकते हैं,उन्हे अन्य किसी मामले में उपलब्धि बताने कहा जाए तो शायद ही वह बता पाएं। कुल मिलाकर जहां लाभ का विषय होता है वहीं जनप्रतिनिधियों की भी रुचि होती है व्यक्तिगत जन समस्याएं जनप्रतिनिधियों के लिए कोई मायने नहीं रखती हैं यह सर्वविदित है।

### कड़ी धूप में जमीन पर उतर आए नेता,क्या जनता का मिलेगा उन्हें समर्थन

अब जबकि चुनाव में काफी कम समय बचा है और अब जनता भी अपने लिए नई सरकार चुनने विचार करने लगी है ऐसे में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को भी कड़ी धूप में जमीन पर उतरकर आम लोगों के बीच पहुंचते देखा जा रहा है। अब देखना यह होगा की साढ़े चार सालों तक एयर कंडीशनर गाड़ियों में ही चलने वाले नेताओं के जमीन पर उतरने का आम लोगों पर प्रभाव पड़ता है की नहीं उनका उन्हे समर्थन मिलेगा या नहीं।

### नेताओं के साथ साथ समर्थक भी हो गए चार पहिया एयर कंडीशनर गाड़ियों के मालिक,जनता की समस्या जस की तस

साढ़े चार सालों में निर्वाचित जनप्रतिनिधि के साथ साथ उनके समर्थकों के पास भी चार पहिया एयर कंडीशनर गाडियां हो गईं लेकिन आम जनता की यदि बात की जाए तो उनकी समस्या जस की तस हैं और आवेदनों की भरमार है। यह सतत चली आ रही राजनीतिक एक परंपरा है जहां आम आदमी परेशान ही रहने वाला है और जनप्रतिनिधि और उनके समर्थक निर्माण कार्यों में ही व्यस्त हैं।

# क्या विधायक जी कुछ चुनिंदा लोगों के प्रमुख है ?:केवल सिंह मरकाम

- » गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ही बनी है भरतपुर सोनहत विधायक के लिए सर दर्द
- » लगातार स्थानीय विधायक के खिलाफ मुखर रहते हैं गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष

- रवि सिंह-
मनेंद्रगढ़,17 जून 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के विधानसभा के नंबर 1 विधायक को चुनौती विपक्षी दल नहीं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी दे रही है, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष लगातार स्थानीय विधायक पर हमलावर है और आरोप पर आरोप लगा रहे हैं और उनकी कमियों को सबके सामने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बता रहे हैं, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्या गोड़वाना गणतंत्र पार्टी ही विधायक के लिए सर दर्द बनेगी जैसा देखने को मिल रहा है। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष केवल सिंह मरकाम व स्थानीय विधायक गुलाब कमरों का गृह ग्राम एक ही है फिर भी दोनों एक दूसरे के राजनीतिक विरोधी के साथ-साथ व्यक्तिगत विरोधी भी हो चलें।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के एमसीबी जिलाध्यक्ष व उपसरपंच ग्राम पंचायत साल्ही केवल सिंह मरकाम ने एक बार फिर प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा कि ग्राम पंचायत साल्ही के रोजगार सहायक के विरुद्ध शिकायत व कार्यवाही दिनांक 13/05/2020 को हुआ। फर्जी हाजरी भरने के विरुद्ध कार्यवाही दिनांक 10/06/2021 को दोषारोपण सिध्द हो चुका है। पूरे दस्तावेज की नकल हमारे पास उपलब्ध है। रोजगार सहायक के विरुद्ध तीसरा कार्यवाही दिनांक 18/05/2023 को हुआ है। उस पर भी निष्पक्ष कार्रवाई ना होना विधायक महोदय की मेहरबानी समझ में नहीं आ रही है। स्थानीय विधायक के प्रभाव में जनपद सीईओ कोई ठोस निर्णय ना लेना यह दर्शाता है की विधायक महोदय की कृपा बैजनाथ सिंह को बचाने के लिए बरस रही है, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो एड़ी-चोटी एक कर दिए हैं। जबकि उसी ग्राम पंचायत साल्ही में रोजगार सहायक के आलावा ऐसे कई मामले हैं। जिस पर विधायक दूरी बनाए हुए है। कई मामलो का उनके समक्ष आवेदन भी दिया गया है।



केवल सिंह मरकाम जिलाध्यक्ष गोंगपा एमसीबी ने कहा की ग्राम पंचायत साल्ही के सभी मामलों एक मामले को छोड़कर सभी मामले में क्यों किनारे है?, जबकि विधायक जी का परिवार ग्राम साल्ही के प्रमुख और जिम्मेदार व्यक्ति हैं। अब सिर्फ रोजगार सहायक के प्रति ही क्यों हमदर्दी दिखा रहे हैं यह समझ के परे,जिसको बचाने व स्थानांतरण रोकने के लिए विधायक जी बीच में आ गए। पर क्या विधायक जी को गलत व्यक्ति का सहयोग करना कहां तक उचित है? ऐसे में यह सवाल भी उठना लाजमी है की क्या विधायक जी एक ही व्यक्ति और चुनिंदे लोगों का प्रमुख है? और बाकी लोगों से उनका कोई वास्ता क्या लेना देनानहीं है? जबकि मुखिया को तो सभी के लिए एक बराबर होना चाहिए,लेकिन विधायक का ग्राम साल्ही में भेदभाव क्यों?,विधायक श्री गुलाब कमरो जी से निवेदन है,कि आपके गृह ग्राम साल्ही के समस्त मामलों पर खुलकर सामने आए और निराकरण करायें। अन्यथा ग्राम पटेल एवं विधायक अपने पद से इस्तीफा दे।

ग्राम पंचायत साल्ही में मामले पर एक नजर- गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिलाध्यक्ष एमसीबी व उप-सरपंच ग्राम पंचायत साल्ही केवल सिंह मरकाम के आरोप अनुसार तात्कालिन ग्राम पटेल (विधायक के दादा) जी के द्वारा सहदेव सिंह के काबिज कास्त भूमि ख.न.144,145,148 को पवन शर्मा, राधिका देवी शर्मा, सुमन लता, निवासी मनेन्द्रगढ के नाम पर करवाया गया है। जिसका मामला एसडीएम मनेन्द्रगढ में विचाराधीन है। तात्कालिन ग्राम पटेल के द्वारा स्व. दलवीर सिंह के काबिज कास्त ख.न. 279 भूमि को गौठान मद में गोपनीय तरीके से दर्ज करा दिया गया है। वर्ष 2015 में तात्कालिन व वर्तमान सरपंच (विधायक के करीबी) द्वारा मुझे प्रेरक पद से बिना जांच व सत्यापन का सीधे पृथक करवाया गया था। वर्ष 2018 में तात्कालिन व वर्तमान सरपंच (विधायक के करीबी) द्वारा ख.नं 151 छोटे झाड़ मद की भूमि को फायरिंग रेंज के लिए दे दिया गया था। जिसका जानकारी ग्रामीणों को हुआ।और मेरे साथ लगातार विरोध करने के कारण रद्द किया गया। ग्राम पंचायत साल्ही में वर्तमान सरपंच (विधायक के करीबी) द्वारा वर्तमान में बने गौठान को पूर्व में आरक्षित भूमि ख.न. 279 में न बनाकर ख.न.149 पर नियम विरुद्ध और बिना ग्राम सभा का ही बनाया गया। जिसका मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। जगरनाथ सिंह (सरपंच के छोटा भाई और विधायक के करीबी) द्वारा ग्राम साल्ही के मनोहर मरपच्ची के काबिज कास्त भूमि को गोपनीय तरीके अपने नाम से करा लिया गया है। जिसका आवेदन विधायक के समक्ष प्रस्तुत है। जगरनाथ सिंह (सरपंच के छोटा भाई),पवन सिंह (सरपंच के चाचा व वनाधिकार समिति के अध्यक्ष), सुरजीत सिंह कमरो (विधायक के छोटा भाई)के द्वारा जंगल मद की भूमि को नियम विरुद्ध व गोपनीय तरीके से वनाधिकार दावा पत्र/पट्टा के लिए भेजा गया है। जिस पर विवाद चालू हो गया,और मामला एसडीएम मनेन्द्रगढ में चल रहा है। जगरनाथ सिंह (सरपंच के छोटा भाई और विधायक के करीबी) के द्वारा साल्ही जंगल के नदी से लगातार अवैध रेत उत्खनन कर हज़ारों-हजारों ट्रैक्टर चोरी किया जा चुका है। ये सभी मामलों में विधायक गुलाब कमरो आज तक क्यों सामने नहीं आए? आज तक क्यों नहीं ध्यान दिया गया? आज तक क्यों चुप्पी साधे हुए हैं?

# महापौर तुंहर द्वार जन समस्या निवारण शिविर का हुआ आगाज




## विधायक महापौर ने वार्डवासियों की सुनी समस्याएं,मौके पर निदान का दिया निर्देश

- संवाददाता -
चिरमिरी,17 जून 2023
(घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम चिरमिरी के प्रत्येक वार्डो में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे वन अधिकार पट्टा, जाति प्रमाण पत्र, पेयजल, विधुत लाइन विस्तारीकरण जैसे सड़क, पानी, साफ़-सफ़ाई युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिलाने, ग़रीबी रेखा की श्रेणी में जीवन यापन-यापन करने वाले हितग्राहियों को प्राथमिकता राशनकार्ड का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को चिरमिरी के वार्ड क्रमांक-01 साजापहाड़ सामुदायिक भवन में मनेंद्रगढ़ विधायक डॉक्टर विनय जायसवाल, नगर निगम महापौर कंचन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह व नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में महापौर तुंहर द्वार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ, जिसमें बढ़-चढ़कर हितग्राहियों ने हिस्सा लिया और अपनी मुलभुत समस्याओं से उपस्थित अथितियों को अवगत कराया और निदान की मांग की।

जानकारी के अनुसार इस एक दिवसीय शिविर में मुख्य रूप से वन अधिकार पट्टा, पेयजल की समस्या को लेकर आवेदन प्राप्त हुए जिसमें कुल 73 आवेदन पत्रों में 4 शिकायत और 69 वन अधिकार पट्टा, पेयजल और विदुत लाइन के विस्तारीकरण हेतु वन अधिकार पट्टा के पूर्व में प्राप्त 115 आवेदन पत्रों में 84 आवेदन पत्रों की जाँच हो जाने और शेष आवेदन पत्रों का 15 दिवस के भीतर वन अधिकार पट्टा देने हेतु विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया । साथ ही विदुत समस्या के निराकरण हेतु विदुत लाइन विस्तारीकरण का कार्य आगामी 19/07/2023 को भूमिपूजन पश्चात कार्य प्रारंभ होने की जानकारी दी गई। इसके अलावा वार्ड के कुओं और हैंडपंप की मरम्मत 03 दिवस के भीतर कराने हेतु जल प्रभारी को निर्देशित किया गया । इस बड़ी पहल के दौरान नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष संतोष सिंह, नगर निगम के ई.ई. बी.के. सिंह, राजस्व अधिकारी चंद्राकर, स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी, जल प्रभारी विजय बधावन व वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# क्रेशर संचालक विधायक के भाई पर हत्या का मामला दर्ज करने भाजपा पहुंची खड़गवां थाने और प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

- » खड़गवां भाजपा मण्डल अध्यक्ष ने दिया ज्ञापन,क्रेशर में ऑपरेटर की हुई है दर्दनाक मौत
- » ज्ञापन में किया गया है उल्लेख,तीन दिवस के भीतर विधायक के भाई क्रेशर संचालक के विरुद्ध मामला दर्ज नहीं होने पर किया जाएगा थाने का घेराव
- » मनेंद्रगढ़ विधायक के भाई के क्रेशर में ऑपरेटर की क्रेशर में पीसकर हुई है मौत
- » मामले को हफ्तों बीतने के बाद भी पुलिस ने दर्ज नहीं किया है मामला





- रवि सिंह-
खड़गवां/चिरीमिरी,17 जून 2023
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ विधायक के भाई विनोद जायसवाल के क्रेशर में गत दिनों ऑपरेटर की हुई मौत के मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कराने के लिए पूर्व भाजपा विधायक के साथ भाजपा मण्डल खड़गवां के पदाधिकारी खड़गवां पुलिस थाना पहुंचे।

पुलिस थाना पहुंचे पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल एवम भाजपा मण्डल खड़गवां के प्रतिनिधि मंडल ने बताया की विगत 4 जून 2023 को विधायक विनय जायसवाल के भाई विनोद जायसवाल के क्रेशर जो की खड़गवां बिजली ऑफिस के सामने संचालित है जिसमें ऑपरेटर के रूप में कार्यरत आनंद उर्फ राजू गोंड पिता स्व देवी सिंह निवासी नागपानी ग्राम पंचायत आमडांड की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई थी,घटना क्रेशर संचालक की लापरवाही से हुई इसमें भी कोई शंका नहीं है,वहीं ऑपरेटर की मौत के बाद आनन फानन में मृतक के शव को खड़गवां स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया गया जहां उसे मृत घोषित किया गया,वहीं सुबह ही मृतक का पोस्टमार्टम भी कर दिया गया और पुलिस ने भी केवल मर्ग कायम कर अपनी खानापूर्ति कर ली थी।

### मामला अब तक ठंडे बस्ते में क्यों ?

पूरे मामले में जाहिर है की जिस तरह से जल्द से जल्द शव का अंतिम संस्कार हो यह प्रयास किया गया, उससे क्षेत्रीय विधायक का दबाव मामले में बना हुआ था यह आभास होता है इसीलिए हफ्तों बाद भी मामले में पुलिस ने किसी प्रकार की जांच न करते हुए मामले को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया है। पूरे मामले में अपराधियों को बचाने के लिए इस तरह का रवैया पुलिस का रहा है और उसके खिलाफ भाजपा मण्डल खड़गवां के लोग मृतक के परिजनों को इंसाफ दिलाने आज पुलिस थाने में उपस्थित हुए हैं। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा की यदि सात दिवस के भीतर क्रेशर संचालक मनेंद्रगढ़ विधायक के भाई विनोद जायसवाल के विरुद्ध यदि पुलिस मामला पंजीबद्ध नही करती है भाजपा मण्डल खड़गवां पुलिस थाना खड़गवां का घेराव करेगी और उग्र आंदोलन करने बाध्य होगी। इस दौरान भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमती उर्रे, जिला मंत्री अरूणोदय पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष रामलाल साहू, चिरमिरी मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रामप्रताप, पूर्व मंडल अध्यक्ष धनंजय पाण्डेय, द्वारिका जायसवाल, लखन लाल श्रीवास्तव, हेन्द्रपाल सिंह उपस्थित रहे।

### भाई के क्रेशर में आदिवासी युवक की मौत को लेकर मनेंद्रगढ़ विधायक की हो रही फजीहत

खड़गवां में संचालित मनेंद्रगढ़ विधायक के भाई के क्रेशर में एक आदिवासी युवक की मौत मामले में अब मनेंद्रगढ़ विधायक की फजीहत हो रही है। मामले में पुलिस का रवैया चूंकि क्रेशर संचालक के पक्ष में नजर आ रहा है और माना जा रहा है की विधायक के दबाव में पुलिस कार्यवाही करने से बच रही है और इसीलिए अब विधायक पर भाई को अपराध से बचाने का आरोप लग रहा है।

### क्या भाजपा की शिकायत के बाद पुलिस कर पाएगी विधायक के भाई पर मामला पंजीबद्ध ?

अब देखना यह है की भाजपा की शिकायत और कार्यवाही की मांग को लेकर खड़गवां पुलिस क्या करती है। खड़गवां पुलिस विधायक के भाई पर मामला पंजीबद्ध करती है यह विधायक के दबाव में विधायक के भाई को बचाने का प्रयास करती है। वैसे अभी तक की घटना के अनुसार हफ्तों बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले को लेकर शांत बैठी हुई है और मामले में जांच भी जारी पुलिस ने नहीं की है जबकि क्रेशर में पीसकर ऑपरेटर की मौत हुई है और यह लापरवाही का मामला तो बनता ही है। वैसे भाजपा ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है और उसके बाद पुलिस के अगले कदम को लेकर कयास भी लगने शुरू हो चुके हैं।

### विधायक के भाई का क्रेशर होने की वजह से कहीं थाना प्रभारी कतरा तो नहीं रहे कार्यवाही करने से ?

वैसे सवाल यह भी है की जो पुलिस आम लोगों के मामले में त्वरित सक्रिय नजर आती है वह विधायक के भाई से जुड़े मामले में क्यों सुस्त नजर आ रही है। कहीं विधायक के भाई का मामल होने की वजह से तो थाना प्रभारी कार्यवाही करने से कतरा तो नहीं रहें हैं यह भी सवाल है। वैसे मामले में यदि पुलिस कार्यवाही करती है तो माना जाएगा की पुलिस निष्पक्षता से कार्य करती है वरना यह भी सवाल उठने लगेगा की प्रभावशाली लोगों के मामले में पुलिस का रवैया उन्हीं के पक्ष में होता है।

# मनेंद्रगढ़ के बाद बैकुंठपुर ट्रैफिक पुलिस के द्वारा परेशान करने का वीडियो आया सामने

» क्या अभी भी पुलिस अधिकारी चुप रहेंगे या अपने कर्मचारियों को शिष्टाचार का पढ़ाएंगे पाठ?

» क्या वाहन जांच के नाम पर यातायात पुलिस को मारपीट करने की मिली हुई है अनुमति?

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

पूरे अविभाजित कोरिया जिले में वाहन जांच के नाम पर लोगों को परेशान करने के कई मामले रोज देखने को मिल रहे हैं, वहीं कहा जाए तो जांच करना सही है पर वाहन जांच के नाम में लोगों को परेशान करना नियम विरुद्ध है, लेकिन इस समय यातायात नियमों का पालन कराने वाले खुद कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और वहां जांच के नाम पर अवैध वसूली के साथ साथ मारपीट करने की भी घटना सामने आने लगी है, इससे पहले मनेंद्रगढ़ का एक वीडियो वायरल हुआ था अब इसके बाद एक और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है, जिसमें एक वाहन चालक ने बैकुंठपुर के यातायात पुलिस पर मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है जो उस वीडियो में देखा व सुना जा सकता है। दस्तावेजों में कमी हो तो चालान करना यातायात पुलिस का अधिकार है पर मारपीट करने का अधिकार क्या यातायात पुलिस को है यह एक बड़ा सवाल है। अविभाजित कोरिया जिले में जैसे कानून को कानून के रखवालों ने ही हांथ में ले लिया है और आए दिन वाहन चालकों से बदसलूकी की बातें सामने आ रही हैं, वहीं सवाल यह भी उठता है की विभाग के उच्च अधिकारी पूरे मामले में मौन क्यों हैं? क्या उन्हीं की सहमति से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं यह भी एक प्रश्न जरूर खड़ा होता है।

जिन वाहन चालकों के कंधे पर देश चलाने का बोझ है वह देश के यातायात पुलिस से परेशान हैं- बड़ी-बड़ी वाहनों के चालकों पर देश की अर्थव्यवस्था टिकी हुई है, कोरोना वायरस महामारी के समय भी जहां लोग घरों में थे वहीं वाहन चालक रास्ते में वाहन चलाकर देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग कर रहे थे, ट्रक चालकों पर पूरे देश की परिवहन व्यवस्था टिकी हुई है, इसके बावजूद इन्हें रास्तों में हर राज्यों में वहां की पुलिस व यातायात पुलिस के द्वारा परेशान होना पड़ता है, जबकि यह अपना घर परिवार छोड़ रात दिन वाहनों में ही रहते हैं, ताकि देश के हर कोने तक पहुंचने वाली जरूरतमंद सामग्री लोगों तक पहुंच सके, चाहे वह स्वास्थ्य से संबंधित हो या फिर खाद्य पदार्थ से या फिर किसी कारखाने से संबंधित हो, क्या इन्हें मान सम्मान नहीं मिलना चाहिए? जहां पर ऐसे लोगों का हौसला बढ़ाना चाहिए, वहां पर यातायात पुलिस इनके लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, यही वजह है कि चालक की नौकरी करने से लोग अब कतराने लगे हैं हर जगह उन्हे बेइज्जत होना पड़ता है और उनके साथ मारपीट की स्थिति निर्मित हो जाती है।





### मनेंद्रगढ़ में शराब के नशे में धुत्त पुलिसकर्मी ने ट्रक चालकों से की थी बदसलूकी

हाल ही में नवीन जिले एमसीबी से एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें शराब के नशे में धुत्त एक पुलिसकर्मी ट्रक चालकों को धमकाता नजर आया था और वह खुद को शराब के नशे में चूर बताते हुए ट्रक चालकों पर कार्यवाही की बात कर रहा था वहीं वह गाली गलौज भी कर रहा था जो वीडियो में सुना जा सकता है।

### बैकुंठपुर ट्रैफिक पुलिस पर वाहन चालक ने लगाए आरोप,वीडियो जारी कर किया अपने साथ घटी घटना का बखान

मनेंद्रगढ़ के पुलिसकर्मी का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था की अब बैकुंठपुर ट्रैफिक पुलिस पर आरोप लगा है और विडियो वायरल कर एक चालक ने खुद के साथ बैकुंठपुर पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है। वाहन चालक के अनुसार मारपीट बैकुंठपुर के ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई है।

### क्या वाहन जांच के नाम पर वाहन चालक से मारपीट की अनुमति देता है कानून?

मामले में सवाल यह भी है की क्या वाहन जांच मामले में पुलिसकर्मियों को कानून वाहन चालकों से मारपीट की अनुमति देता है। यदि ऐसा नहीं है तो पुलिस पर लग रहा यह आरोप बड़ा गंभीर है और यह वाहन चालकों की सुरक्षा से जुड़ा मसला है। यदि इसी तरह की घटनाएं घटती रहीं तो शायद ही वाहन चालक स्वयं को सुरक्षित मानकर वाहन चला सकेंगे और वह निडर होकर अपनी रोजी रोटी के लिए घर से बाहर निकल सकेंगे।

### मारपीट मामले में क्या उच्च अधिकारी करेंगे जांच,होगी दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही?

अविभाजित कोरिया जिले से दो वीडियो वायरल हुए हैं,एक में स्वयं पुलिसकर्मी खुद को नशे में धुत्त बता रहा है और वह ट्रक चालकों से बदसलूकी करता हुआ उन्हे कार्यवाही के लिए धमका रहा है वहीं दूसरे वीडियो में वाहन चालक अपनी चोट दिखा रहा है और बैकुंठपुर ट्रैफिक पुलिस पर मारपीट का आरोप लगा रहा है। अब मामले में उच्च अधिकारी क्या जांच कर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करेंगे या फिर वह मामले को रफा दफा कर पुलिसकर्मियों को बचाने का प्रयास करेंगे।

### क्या वाहन जांच के नाम पर वसूली जारी है?

सवाल यह भी है की क्या वाहन जांच के नाम पर वसूली का खेल जारी है। क्या अवैध वसूली ही मारपीट की वजह बन रही है और जो वाहन चालक पैसा नहीं दे पा रहें हैं उनके साथ मारपीट की जा रही है। वैसे नियम के अनुसार ट्रैफिक नियम तोड़ने पर जुर्माने का प्रावधान है मारपीट करने का अधिकार पुलिस को नहीं है फिर इस तरह की घटना क्यों घट रही है इसको लेकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को जरूर ध्यान देना चाहिए।

### यातायात पुलिस की वजह से वाहन चालक रहते हैं दहशत में

यातायात पुलिस से वाहन चालक दहशत में रहते हैं,यदि नियम कायदों की बात है तो डर जरूरी है लेकिन मारपीट से डर का माहौल है तो यह गलत है। ट्रैफिक पुलिस की चेकिंग प्रतिदिन जारी रहती है और प्रतिदिन उन्हे अलग अलग जगहों पर देखा जाता है। वाहन चालकों के अनुसार उनके पास दस्तावेजों का अभाव मिलते ही उन्हे भयभीत किया जाता है कभी कभी मारपीट भी की जाती है जो डर की वजह है।

### लंबे समय से जमे यातायात पुलिस कर्मचारी आदतन हो गए हैं

ट्रैफिक पुलिस में काम करने वाले अधिकांश पुलिसकर्मी लंबे समय से ट्रैफिक का जिम्मा सम्हाल रहें हैं और वह आदतन हो चुके हैं इस तरह के व्यवहार के मामले में यह भी सुनने को मिल रहा है। ट्रैफिक पुलिस में भी फेरबदल की जरूरत है जिससे ट्रैफिक पुलिस में कार्यरत पुलिसकर्मियों की आदत में बदलाव आ सके।

# स्टेशन में पानी लेने उतरे युवक की ट्रेन में चढ़ते वक्त पैर फिसलने से हुई मौत

- संवाददाता -
कोरबा, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

विगत देर रात चांपा रेलवे स्टेशन में दर्दनाक हादसा सामने आया है। रात करीब 1.30 बजे वलसाड पुरी सुपरफास्ट की चपेट में आकर युवक की हो गई मौत । मिली जानकारी के अनुसार देर रात ट्रेन चांपा स्टेशन पर रुकी थी तभी एक युवक पानी लेने के लिए ट्रेन से नीचे उतरा था। इसी दौरान ट्रेन रवाना होने लगी। युवक ट्रेन में चढ़ने के लिए भागने लगा इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा के रात करीब 1.30 बजे ट्रेन चांपा स्टेशन में रूकी थी। इसी दौरान प्लेटफार्म पर लगे नल से



पानी लेने के लिए युवक नीचे उतरा था के कुछ मिनट में ट्रेन छूटने लगी तो युवक दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश करने लगा इसी दौरान उसका पैर फिसल गया देर रात होने की वजह से प्लेटफार्म पर ज्यादा लोग मौजूद नहीं थे, लिहाजा युवक को बचाने की कोशिश नहीं किया जा सका और वह डब्बे के पायदान में फंसते हुए करीब 50 मीटर तक ट्रेन के साथ घसीटता चला गया। 50 मीटर दूर जाने के बाद ट्रेन रूकी। रेलवे पुलिस ने मशक्कत के बाद शव को किसी तरह बाहर निकाला गया द्य फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। रेलवे पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# हनुमान मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना मण्डल की बैठक हुई संपन्न

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता युवा मोर्चा पटना मंडल युवा मोर्चा द्वारा दिनांक 17 जून दिन-शनिवार समय 10 बजे हनुमान मंदिर प्रांगण में भाजयुमो कार्यसमिति की बैठक आहूत की गई है, जिसमें मुख्य रूप से भाजयुमो के यशस्वी जिला अध्यक्ष हितेश प्रताप सिंह जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ

युवा मोर्चा पटना मंडल के लोगो ने हनुमान मन्दिर में बजरंग बली पूजा के बाद शुरू की बैठक- इस बैठक में पीएससी घोटाले को लेकर के सीएम हाउस घेराव के विषय में भी चर्चा हुई पटना मंडल सेभी युवाओं की टोली सीएम हाउस के घेराव रायपुर में शामिल होगी, हितेश प्रताप ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा की युवाओं के दम पर कोरिया जिले की विधानसभा पर इतिहास लिखने की बारी युवाओं की है-जिसमे जिला मंडल भाजयुमो के लोग पटना भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल जयसवाल पटना मंडल अध्यक्ष प्रवेंद्र सिंह




जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सचिदानंद महाराज, सुरेश साहू, अंकित जयसवाल, गणेश यादव, विनोद देवांगन, दीनदयाल कुर्रे व पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य, मण्डल अध्यक्ष महामंत्री तथा मण्डल के पदाधिकारी प्रवेंद्र सिंह की अधक्षता में निलेश तिवारी उपाध्यक्ष, नरेश रजवाड़े उपाध्यक्ष, जय रजवाड़े मंत्री, अमन जयसवाल, रवि प्रजापति, दिवेश पांडे मंत्री, संतलाल रजवाड़े, विनोद देवांगन, सुरेश साहू, संदीप रजवाड़े,गोपाल सिंह, अरुण सिंह,संत सिंह, मुकेश यादव, तौशीफ रजा, कपिल जयसवाल, गणेश यादव सचिदानंद महाराज,कमलेश साहू,अमन देवागन,रामेश्वर रजवाड़े,इत्यादि कार्यकर्ता सदस्य गड़ उपस्थित थे।





# पुलिस सहायता केन्द्र मानिकपुर ने ए.सी.बी कम्पनी के यार्ड से चोरी करने वाले 03 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

मामला में प्रार्थी संजय शुक्ला पिता स्व0 विजय शंकर शुक्ला उम्र 62 वर्ष सा. 32/250 सी0एम0 हाउस के पास सिविल लाईन रायपुर थाना सिविल लाइन जिला रायपुर हा.मु. अमरैय्यापारा हर्ष शर्मा का किराये के मकान चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा का चौकी उपस्थित आकर लिखित आवेदन पत्र प्रस्तुत कर प्रथम सूचना पत्र दर्ज कराया कि दिनांक 14.06.2023 रात 11.00 बजे के आसपास गार्ड रामदेव फोन कर बताया कि 03 अज्ञात लड़के कार्यालय परिसर में रात 10.00 बजे के आसपास घुसे और रात 11.00 बजे के मध्य में यहां से कन्वेयर बेल्ट का ब्रैकेट को चोरी कर ले गये हैं का रिपोर्ट दर्ज कराया है जो प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया । प्रकरण के गंभीरता को पुलिस अधीक्षक यु.उदय किरण , अति. पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी को अवगत कराकर दिशा निर्देश प्राप्त कर निरीक्षक रूपक शर्मा थाना प्रभारी कोतवाली के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर आरोपी पतासाजी हेतु रवाना किया गया। दौरान विवेचना एवं संकलित साक्ष्य के आधार पर आरोपी फिरत राम रोहिदास उर्फ लिटी, कृष्ण कुमार यादव एवं रामकुमार गढ़वाल के पृथक-पृथक मेमोरेण्डम कथनानुसार चोरी गये मशरूका 22 नग कन्वेयर बेल्ट का ब्रेकेट कीमती करीबन 50,000 रूपये एवं अपराध में प्रयुक्त वाहन बोलेरो कैम्पर वाहन क्रमांक बी.आर.-07 जी.ए.- 0159 कीमती करीबन 4,00,000 रूपये कुल मशरूका 4,50,000 रूपये को तीनो से जुमलात समक्ष गवाहन के जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपी 01. फिरत राम रोहिदास उर्फ लिटी पिता महेत्तर राम रोहिदास उम्र 21 वर्ष सा0 दादर खुर्द जनकपुरी मोहल्ला चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा 02. कृष्ण कुमार यादव पिता गोपीराम यादव उम्र 35 वर्ष सा. दादर खुर्द जनकपुरी मोहल्ला चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा 03. रामकुमार गढ़वाल पिता संतलाल गढ़वाल उम्र 22 वर्ष सा. दादर खुर्द जनकपुरी मोहल्ला चौकी मानिकपुर थाना कोतवाली जिला कोरबा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से धारा सदर में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है । उपरोक्त कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा , चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में, प्र.आर. अवधेश यादव, संतोष तिवारी, आरक्षक संजय रात्रे, अशोक पाटले, सैनिक राजेश कुमार दुबे की कार्यवाही सराहनीय रही।

# बाल संरक्षण से संबंधित शिकायतों के निदान हेतु बेंच की प्रस्तावित बैठक की तैयारी के संबंध में जिला स्तरीय बैठक हुई आयोजित

- संवाददाता -
कोरबा, 17 जून 2023
(घटती-घटना)।

बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण के उद्देश्य से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा आकांक्षी जिला कोरबा में आगामी 20 जून 2023 को जिला पंचायत के सभागार में बालको के विषयों संबंधित बेंच की बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आयोग की टीम द्वारा जिले में बाल संरक्षण से संबंधी शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी हेतु अपर कलेक्टरविजेंद्र पाटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्री पाटले ने प्रस्तावित बेंच की बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए आकांक्षी जिला कोरबा अंतर्गत चिन्हांकित आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी-उपरोड़ा व कोरबा हेतु विशेष रूप से जनजागरूकता व प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। पूर्व मे दिये गये निर्देशो के तहत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रेषित जानकारी निर्धारित प्रपत्र में बैठक के पूर्व उपलब्ध कराने के लिए कहा। पाटले ने सम्बंधित विभागों द्वारा संचालित शालाओं, हॉस्टल, शिक्षण संस्थानों, ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों में उक्त सुनवाई की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुचाने के निर्देश दिए। उन्होने सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बैठक के सफल आयोजन हेतु आवश्यक सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभाग प्रमुखों को सौंपे गए दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने के लिए कहा। अपर कलेक्टर ने सम्बन्धित अधिकारियो को आयोजन के संबंध में अपने-अपने क्षेत्र में वृहद प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए जिससे बाल अधिकारों के हनन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की जा सके। पाटले ने आकांक्षी जिला कोरबा के आकांक्षी ब्लॉक कोरबा एवं पोड़ी-उपरोड़ा क्षेत्रो में विशेषकर इस बैठक के संदर्भ में जानकारी प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने कहा कि जो अभिभावक राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम के सम्मुख बालकों के समस्याओं के निदान हेतु शिकायते रखना चाहते है वे 20 जून को राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की बेंच के सामने अपनी शिकायतें रख सकते है। पाटले ने उक्त दिवस को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, श्रम विभाग, परिवहन विभाग, बैंक सहित अन्य विभिन्न विभागों को स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं से लोगों को लाभांवित करने के लिए कहा। इस हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्यों, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों, चाइल्ड लाइन, बाल देखरेख संस्था, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य प्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




## कार्यालय कार्यपालन अभियंता

ग्रामीण यात्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर,जिला-सूरजपुर,छ0ग0

संक्षिप्त ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना
12 एवं 13/2023-24 (प्रथम आमंत्रण)

क्र0/997/वलेलि/ग्रा.यां.सेवा/2023-24 अम्बिकापुर,दिनांक 13/06/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा दिनांक 27/06/2023 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जनपद पंचायत | निविदा राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 138341 | जीर्णोद्धार कार्य माध्यमिक शाला भवन शासकीय बहुउद्देशीय शाला क्रमांक-01 अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 81.60 |
| 2 | 138342 | जीर्णोद्धार कार्य माध्यमिक शाला भवन शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला अम्बिकापुर | अम्बिकापुर | 86.41 |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्तें,धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 13/06/2023 से देखी जा सकती है। टीपः- मैचुअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 28/06/2023 सायं 5.30 तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अम्बिकापुर जिला सरगुजा अम्बिकापुर से पहुंचना अनिवार्य है।

जी.नं.-02384/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग अम्बिकापुर,जिला-सरगुजा

# डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा




**नई दिल्ली,17 जून 2023।** भारत के गोल्डन बॉय व टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा इन दिनों चोट से उभर रहे है। उन्हें हाल ही में मांसपेशियों में खिंचाव की परेशानी से जूझना पड़ा था, जिसके बाद वो रिकवरी कर रहे है। इस रिकवरी के साथ ही उम्मीद है कि नीरज चोपड़ा 30 जून को लुसाने में वांडा डाइमंड लीग के छठे चरण के साथ मैदान में वापसी कर सकते है।

नीरज चोपड़ा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी थी, जिस कारण वो यूरोप में बैक टू बैक टूर्नामेंट से चूक गए थे। माना जा रहा है कि अब नीरज चोपड़ा इस महीने के अंत तक स्वस्थ हो जाएंगे और डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे। फैंस उन्हें दोबारा मैदान पर जलवा बिखेरते हुए देखने के लिए उत्सुक है।

इस संबंध में प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट पर भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है। वेबसाइट के मुताबिक भाला फेंक में भारतीय ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को चेक गणराज्य के याकुब वाडलेच और जर्मनी के जूलियन वेबर चुनौती देंगे। बता दें कि इस संबंध में अब तक खुद नीरज चोपड़ा की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है। प्रतियोगिता की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इस महीने के अंत में होने वाली इस प्रतियोगिता में भारतीय एथलीट प्रतिस्पर्धा पेश करता नजर आएगा। वेबसाइट के अनुसार, ''भाला फेंक में भारतीय ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा को चेक गणराज्य के याकुब वाडलेच और जर्मनी के जूलियन वेबर चुनौती देंगे।'' चोपड़ा ने पिछले महीने ट्विटर पर घोषणा की थी कि ट्रेनिंग के दौरान उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और एहतियात के तौर पर वह चार जून को नीदरलैंड में होने वाले एफबीके खेलों और 13 जून को फिनलैंड में होने वाली पावो नुर्मी मीट से हट गए।

यह 25 वर्षीय खिलाड़ी साथ ही भुवनेश्वर में चल रही राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी हिस्सा नहीं ले रहा है। चोपड़ा के 27 जून को चेक गणराज्य में गोल्डन स्पाइक ओस्त्रावा टूर्नामेंट में भी हिस्सा लेने का कार्यक्रम है लेकिन अभी तक इस संबंध में उन्होंने औपचारिक घोषणा नहीं की है। इस 25 वर्षीय एथलीट ने पांच मई को 88.67 मीटर के प्रयास के साथ दोहा डाइमंड लीग का खिताब अपने नाम करके सत्र की शानदार शुरुआत की थी। इसी साल हंगरी के बुडापेस्ट में 19 से 27 अगस्त तक विश्व चैंपियन, डाइमंड लीग फाइनल और एशियाई खेल भी होने हैं।




## भारतीय महिला क्रिकेट टीम का जुलाई में बांग्लादेश दौरा

**नई दिल्ली,17 जून 2023।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम जुलाई में बांग्लादेश दौरे पर जाएगी। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने आखिरी बार अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर तब खेला था जब वे फरवरी में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से पांच रन से हार गई थीं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की महिला विंग की अध्यक्ष शफीउल आलम चौधरी नडेल ने कहा, हां, हम जुलाई में भारत की महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के खिलाफ एक सीरीज खेलेंगे और सभी मैच शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जाएंगे।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 11 वर्षों में यह पहली बार होगा जब शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम महिलाओं के अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच सभी मैच डे-नाइट होंगे। आखिरी बार बांग्लादेश की महिला टीम ने इस स्थान पर 2012 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था।

कहा गया है कि भारतीय टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलने के लिए छह जुलाई को ढाका पहुंचेगी। 9, 11 और 13 जुलाई को टी20 मैच निर्धारित हैं, जबकि तीन वनडे मैच 16, 19 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे।

भारतीय टीम के सदस्यों ने हाल ही में बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लिया, जिसमें पुरुषों के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और अकादमी प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने उनसे बातचीत की।

## देश के खिलाड़ियों को केंद्र की बड़ी सौगात




**» विदेश यात्रा पर अब हर दिन के लिए मिलेंगे 250 डॉलर**


**नई दिल्ली,17 जून 2023।** युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने देश के खिलाड़ियों को आज बड़ी सौगात दी है। मंत्रालय ने भारतीय एथलीटों और टीम अधिकारियों के लिए बोर्डिंग और रहने की ऊपरी सीमा की मात्रा में 66प्रतिशत संशोधित किया है। यह केवल राष्ट्रीय खेल संघों के लिए मंत्रालय की सहायता योजना के तहत, केवल अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले एथलीटों और अधिकारियों के लिए है। नए संशोधित मापदंड के तहत, विदेशों में स्वीकृत प्रतियोगिताएं (विदेशी एक्सपोजर) के लिए यात्रा करने वाले एथलीट और सहायक कर्मचारी अब प्रति दिन 250 डॉलर के हकदार होंगे।

जानकारी के अनुसार खेल मंत्रालय ने विदेशी दौरों पर खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को मिलने वाले खर्च में 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। पहले भारतीय खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को विदेशी दौरे पर रहने और खाने के लिए हर दिन 150 डॉलर (12,288 रुपये) मिलते थे। अब इसमें 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है। अब विदेशी दौरे पर जाने वाले खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ को हर दिन खर्च के लिए 250 डॉलर (20,481 रुपए) मिलेंगे।

खेल मंत्रालय ने इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि नए नियमों के अनुसार अब विदेशी दौरे पर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ हर दिन 250 डॉलर तक खर्च कर सकेंगे। विदेशी दौरों पर खिलाड़ियों को सपोर्ट स्टाफ को मिलने वाले खर्च की ऊपरी सीमा में 66 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है। यह राशि सिर्फ उन खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को मिलेगी, जो अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए जाएंगे। मंत्रालय ने यह भी बताया है कि खेल मंत्रालय की योजना के तहत राष्ट्रीय खेल संघों को सहायता प्रदान की जाती है। इसी कड़ी में खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को यह सुविधा दी जाएगी।

## अजिंक्य रहाणे बनेंगे भारत के नए कप्तान!

**अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी टीम इंडिया**



**नई दिल्ली,17 जून 2023।** भारतीय टीम अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी जहां टेस्ट के साथ वनडे और टी20 सीरीज खेलेगी। इस टेस्ट सीरीज के साथ ही टीम इंडिया अपनी अगले टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल की शुरुआत करेगी, लेकिन इस दौरे पर हो सकता है कि रोहित शर्मा कुछ मैचों में न दिखें।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रोहित को इस दौरे पर कुछ मैचों में आराम दिया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार रोहित आईपीएल और टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान थके हुए लग थे ऐसे में चयनकर्ता चाहते हैं कि वह कुछ मैचों के लिए आराम करें, इसलिए उन्हें वेस्टइंडीज दौरे पर कुछ मैचों के लिए आराम दिया जा सकता है।

वहीं अगर टेस्ट में रोहित को आराम दिया जाता है तो हाल ही में टीम में वापसी करने वाले अंजिक्य रहाणे को कप्तान नियुक्त किया जा सकता है। रहाणे पहले भी टीम इंडिया की कप्तानी कर चुके हैं। वह टीम के उप-कप्तान थे, लेकिन खराब फॉर्म के कारण बाहर कर दिए गए थे। टेस्ट चैंपियनशिप में उन्होंने वापसी की थी और पहली पारी में 89 रन बना टीम को संभाला था और दूसरी पारी में उनके बल्ले से 43 रन निकले थे।बता दें कि वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का चयन 27 जून को हो सकता है और इसके अगले दिन ही बेंगलुरू में दलीप ट्रॉफी की शुरुआत होगी। वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया दो टेस्ट मैच, तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। शुरुआत 12 जुलाई से डॉमिनिक में खेले जाने वाले टेस्ट मैच से होगी। दूसरा टेस्ट मैच त्रिनिदाद में खेला जाएगा।

## दक्षिण अफीका महिला क्रिकेट टीम का पहला पाकिस्तान दौरा सितंबर में

**लाहौर ,17 जून 2023।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम अगस्त/सितंबर में पाकिस्तान का अपना पहला दौरा करेगी। दक्षिण अफ्रीका 1-14 सितंबर से कराची में तीन टी20 और आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। पाकिस्तान वर्तमान में नौ एकदिवसीय में पांच जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है, जबकि दक्षिण अफ्रीका ने तीन एकदिवसीय मैचों की केवल एक श्रृंखला खेली है और उसके छह अंक हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान सुने लुस ने कहा, मैं पाकिस्तान में एक द्विपक्षीय श्रृंखला खेलने के लिए वापस आने के लिए बेहद उत्साहित हूं। इस साल की शुरूआत में महिला लीग प्रदर्शनी मैचों के लिए पाकिस्तान दौरे के समय हमारा गर्मजोशी से स्वागत हुआ था।

खिलाड़ियों का व्यवहार बहुत अच्छा था। पाकिस्तान अपने घर में एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी और खतरनाक टीम है, इसलिए मुझे लगता है कि यह एक अच्छी श्रृंखला होने जा रही है। आईसीसी महिला चैम्पियनशिप बहुत महत्वपूर्ण है, और हम सभी इसके लिए उत्सुक हैं।

फरवरी में घरेलू सरजमीं पर आईसीसी महिला टी20




विश्व कप में उपविजेता रहने के बाद से दक्षिण अफ्रीका का यह पहला अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट होगा।

दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान के बीच आमने-सामने के मुकाबलों में 76 फीसदी जीत दर के साथ दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। खेले गए 24 मैचों में से दक्षिण अफ्रीका ने 19 एकदिवसीय मैच जीते हैं, जिसमें से एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। टी20 प्रारूप में, मुकाबला करीबी रहा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने 11 जीत और सात हार दर्ज की है।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी सीरीज अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार की बतौर कप्तान पहली सीरीज होगी। निदा 99 वनडे और 130 टी20 मैचों के साथ देश की सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं।

उन्होंने कहा, यह सत्र दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के साथ शुरू होगा, जो कप्तान के रूप में मेरी पहली श्रृंखला भी होगी। मैं उम्मीद कर रही हूं कि मैं न केवल एकदिवसीय मैचों में शतक पूरा करके इसे अपने लिए यादगार बनाऊं, बल्कि टीम को एकजुट करने में भी मदद करूं।

अपने घर में दक्षिण अफ्रीका का सामना करने के बाद, पाकिस्तान अक्टूबर में बांग्लादेश की यात्रा करेगा, उसके बाद नवंबर 2023 में न्यूजीलैंड और मई 2024 में इंग्लैंड का दौरा करेगा। इंग्लैंड के अपने दौरे से पहले, पाकिस्तान अप्रैल 2024 में वेस्ट इंडीज की मेजबानी करेगा।

## अफगानिस्तान को 546 रन से हराकर बांग्लादेश ने टेस्ट में दर्ज की अपनी सबसे बड़ी जीत

**मीरपुर ,17 जून 2023।** बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 546 रन के बड़े अंतर से हराकर शनिवार को यहां रनों के लिहाज से टेस्ट में अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में रनों के लिहाज से यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है। जीत के लिए 662 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम मैच के चौथे दिन दूसरी पारी में 115 रन पर आउट हो गयी। तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 देकर चार विकेट लिये। नजमुल ने दोनों पारियों में शतक (146 और 124 रन) लगाकर बांग्लादेश की जीत की नींव रखी। वह मोमिनुल हक के बाद टेस्ट क्रिकेट की दोनों पारियों में शतक जमाने वाले बांग्लादेश के दूसरे बल्लेबाज बन गए। बांग्लादेश की पिछली सबसे बड़ी जीत 2005 में जिम्बाब्वे के खिलाफ 226 रन से थी। टेस्ट में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड इंग्लैंड ने नाम है जिसने 1928 में ऑस्ट्रेलिया को 675 रन से हराया था। इसके बाद 1934 में द ओवल में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर 562 रन की जीत दर्ज की थी। अफगानिस्तान ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 45 रन से की। दिन के तीसरे ओवर में ही इबादत हुसैन (22 रन पर एक विकेट) ने नासिर जमाल (छह रन) को विकेटकीपर के हाथों कैच करा दिया। रहमत शाह (30 रन)




एक छोर पर डटे रहे तो वहीं दूसरे छोर से शरीफुल इस्लाम (28 रन पर तीन विकेट) ने अफसर जजाई (छह) और और बाहिर शाह (सात) को चलता किया। बाहिर कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी की जगह बल्लेबाजी के लिए आये थे। शाहिदी तस्कीन की बाउंसर पर तीसरे दिन चोटिल होने के बाद 13 रन पर रिटायर हर्ट हुए थे।

तस्कीन ने रहमत को आउट कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित कर दी। उन्होंने इसके बाद करीम जन्नत (18) और यामीन अहमदजई (एक) को भी पवेलियन की राह दिखायी। बांग्लादेश ने पहली पारी में 382 रन बनाने के बाद अफगानिस्तान को 146 रन पर आउट कर दिया था। टीम ने चार विकेट पर 425 रन बनाकर दूसरी पारी घोषित की थी जिससे अफगानिस्तान को 662 रन का लक्ष्य मिला था।

## सर्वगुण संपन्न में वाणी कपूर के साथ रॉकेट बॉयज के ईश्वर सिंह आएंगे नजर

पाताल लोक और रॉकेट बॉयज के लिए पहचाने जाने वाले एक्टर इश्वाक सिंह बॉलीवुड एक्ट्रेस वाणी कपूर के साथ अपकमिंग सोशल कॉमेडी फिल्म सर्वगुण संपन्न में स्क्रीन साझा करते नजर आएंगे। यह सोनाली रतन के निर्देशन में पहली फिल्म है। एक सूत्र ने बताया कि इश्वाक ने सर्वगुण संपन्न में अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म 1990 के दशक में सेट की गई है और वाणी फिल्म में एक पोर्न स्टार के किरदार को




निभाएंगी।इश्वाक की भागीदारी के बारे में बात करते हुए, प्रोडक्शन के एक सूत्र ने कहाः इश्वाक इस भूमिका के लिए एकदम सही है। वाणी कपूर के साथ उनकी केमिस्ट्री निस्संदेह दर्शकों को लुभाएगी, और हम स्क्रीन पर उनकी नई जोड़ी पेश करने के लिए उत्साहित हैं। निर्देशक सोनाली रतन ने जन्नत, तुम मिले, राजा नटवरलाल और शिद्दत जैसी फिल्मों में फिल्म निर्माता व पति कुणाल देशमुख के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया है। यह फिल्म कॉमेडी और सामाजिक कमेंट्री का मिक्सअप है, जो पुरानी यादों के साथ-साथ समसामयिक मुद्दों पर एक नया दृष्टिकोण पेश करती है।सर्वगुण संपन्न का निर्माण दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स कर रही है।

## बॉडी हगिंग ड्रेस में शमा सिकंदर ने कराया हॉट फोटोशूट, तस्वीरों से नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने एक बार फिर से अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनकर बेहद ही बोल्ड फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देख कर फैंस का दिल मचल गया है। एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। शमा सिकंदर का हर दिन नया लुक देखने को मिल रहा है। उनके हर एक लुक्स पर फैंस अपना दिल हार गए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर फैंस पानी-पानी हो गए हैं। साथ ही एक झलक पाने के लिए बेताब भी रहते हैं। शमा सिकंदर ने अपनी इन तस्वीरों में व्हाइट कलर की बॉडी हगिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद हॉट लग रही हैं। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने मिनिमल मेकअप और साथ ही न्यूड मेकअप किया है। शमा सिकंदर ने अपनी इन तस्वीरों में मैचिंग के लॉन्ग गलव्स कैरी किए हैं। इस रिवीलिंग ड्रेस में वो बेहद ही शानदार लग रही हैं। बताते चलें कि शमा सिकंदर 41 साल की हो चुकी हैं। उन्होंने खुद को आज भी काफी फिट रखा है।

## फिल्म टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज

**अवनीत कौर के प्यार में पड़े नवाजुद्दीन सिद्दीकी**

कंगना रनौत की फिल्म टीकू वेड्स शेरू लंबे समय से सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की घोषणा तो काफी समय पहले हो गई थी, लेकिन बीच में इससे जुड़ा कोई अपडेट नहीं आया। 2 दिन पहले इसे लेकर फिर सुगबुगाहट तब शुरू हुई, जब कंगना ने अपनी इस फिल्म का नया पोस्टर जारी किया और इसी





के साथ-साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आई। अब इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। ट्रेलर में एक अनोखे प्यार की कहानी देखने को मिली है। 49 साल के नवाजुद्दीन सिद्दीकी की हीरोइन 21 साल की अवनीत कौर बनी हैं और दोनों के रोमांस को अलग तरह से फिल्म में दिखाया गया है। ट्रेलर के मुताबिक, यह बेहद रोमांटिक किरदारों की कहानी है, जो बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। हालांकि, इस बीच ड्रामा और हंगामा होता है। अब इनके रिश्ते का आखिरकार क्या अंजाम होगा, यह फिल्म रिलीज होने के बाद पता चलेगा।

यह फिल्म इसलिए भी खास है क्योंकि यह कंगना रनौत के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तने बनी है। कंगना ने कहा, मणिकर्णिका फिल्म्स के तहत बनी ये पहली फिल्म मेरे लिए बहुत ही खास है। ऐसा पहली बार है, जब मैंने एक निर्माता के रूप में कार्यभार संभाला और मैंने इस जिम्मेदारी का पूरा आनंद लिया है। यह मेरे लिए चुनौतीपूर्ण रहा, लेकिन एक अच्छा अनुभव था। कंगना ने उम्मीद जताई कि दर्शक उनकी इस फिल्म को भरपूर प्यार देंगे।

बीते दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कंगना शादी का काड़े बांटती दिखीं और बताया कि वह जल्द ही खुशखबरी देने वाली हैं। मिनटों में उनका ये वीडियो वायरल हो गया। लोग यह तक कयास लगाने लगे कि कंगना शादी करने वाली हैं। बाद में जब कंगना ने ऐलान किया कि 14 जून को टीकू वेड्स शेरू का ट्रेलर रिलीज हो रहा है, तब पता चला कि वह अपनी इस फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं।

कंगना ने नवंबर, 2021 में इस फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। उन्होंने लिखा था, अपनी प्रोडक्शन कंपनी मणिकर्णिका फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बन रही टीकू वेड्स शेरू का पहला पोस्टर सबसे पहले आपके साथ साझा कर रही हूं। यह मेरे दिल का टुकड़ा है। शूटिंग शुरू हो चुकी है। जल्द ही आपसे सिनेमाघर में मिलते हैं। हांलाकि, अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर आ रही है। यह 23 जून को रिलीज होने वाली है।

## इमरान हाशमी ने तेलुगू में की शुरुआत, पवन कल्याण, प्रियंका मोहन के साथ ओजी में दिखेंगे



इमरान हाशमी करेंगे साउथ में डेब्यू

गैंगस्टर, जहर, आवारापन और शंघाई जैसी फिल्मों के लिए पहचाने जाने वाले बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी निर्देशक सुजीत की गैंगस्टर ड्रामा ओजी में शामिल हो गए हैं। फिल्म में पावर स्टार पवन कल्याण और प्रियंका मोहन भी मुख्य भूमिका में हैं। इमरान कलाकारों में शामिल हो गए, क्योंकि फिल्म का तीसरा शेड्यूल इस समय हैदराबाद में चल रहा है। वह इस फिल्म के साथ तेलुगू सिनेमा में अपनी शुरुआत करेंगे और फिल्म में पवन कल्याण के साथ भूमिका निभाते नजर आएंगे।

तेलुगू फिल्म उद्योग में पदार्पण के बारे में बात करते हुए इमरान ने साझा किया : मैं ओजी के साथ इस नई यात्रा को शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। फिल्म की एक मजबूत और मनोरंजक पटकथा है और मुझे एक चुनौतीपूर्ण भूमिका मिली है, जिसे मैं पवन कल्याण सर, सुजीत, दानय्या सर और टीम के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि हम दर्शकों के लिए एक यादगार सिनेमाई अनुभव बनाएंगे। फिल्म में अर्जुन दास और श्रीया रेड्डी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। थमन एस. के संगीत के साथ, ओजी का निर्माण डी.वी.वी. दानय्या, डीवीवी एंटरटेनमेंट्स बैनर के तहत सुजीत द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म में दिग्गज अभिनेता प्रकाश राज भी प्रमुख भूमिका में हैं।

# फिल्म आदिपुरुष पर राजनेता कर रहे हैं राजनीति

» मुख्यमंत्री बोले- फिल्म में संवाद और भाषा अमर्यादित,

» भगवानों के चेहरे को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही

**रायपुर, 17 जून 2023(ए)।** करोड़ों रुपए के बजट वाली फिल्म 'आदिपुरुष' के रिलीज होते ही कई जगहों पर विवाद शुरू हो गया है। कुछ लोगों को इस फिल्म का काम बहुत पसंद आ रहा है तो कुछ दर्शक इसके संवाद और स्पेशल इफेक्ट्स को लेकर शिकायत कर रहे हैं। इस बीच फिल्म आदिपुरुष को लेकर छत्तीसगढ़ में सियासत गरमाने लगी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस फिल्म को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि, भगवानों के चेहरे को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। पहले राम की युद्धक छवि प्रस्तुत की गई, अब हनुमानजी की छवि बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। आदिपुरुष फिल्म में संवाद और भाषा अमर्यादित है। रामायण में भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है। फिल्म में संवाद के लिए जिन शब्दों का चयन किया गया है वे अमर्यादित हैं।

सीएम बघेल ने यह तक कहा कि, राजीव गांधी जी ने रामानंद सागर से दूरदर्शन के लिए धारावाहिक रामायण बनवाया था। वे बोले कि, जब रामायण सीरियल दूरदर्शन पर चलता था तब बाजार बंद हो जाते थे। रामायण बेहद पवित्र ग्रंथ है। रामायण को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है।






बजरंगबली से वो शब्द बोलवाए गए हैं, जो बजरंग दल केज

श्री बघेल ने कहा कि, हमने जो रामचरित मानस और रामायण पढ़े और टीवी पर देखें हैं, उसके ठीक विपरीत आदिपुरुष फिल्म में दिखाया गया है। आदिपुरुष को आज की पीढ़ी देखेगी तो उस पर गलत प्रभाव पड़ेगा। बजरंगबली से वह बोलवाया जा रहा है जो बजरंग दल के लोग बोलते हैं। यह बहुत आपत्तिजनक है, मैं इसकी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि, जो धर्म के ठेकेदार बनते हैं, वह इस मामले में मौन क्यों हैं। 10 ग्राम गांजा के बदले बॉलीवुड को दबाव में लाने की कोशिश की गई। ये सारी फिल्में उसी का परिणाम हैं। 'द केरल स्टोरी' और 'कश्मीर फाइल्स' लगा था तो बहुत से डायरेक्टर सामने आए थे। अब उन्हें सामने आकर 'आदिपुरुष' पर अपनी बात रखनी चाहिए। भाजपा के नेता कहां हैं जो तब बयान दे रहे थे।

### क्या छत्तीसगढ़ में बैन होगी फिल्म आदिपुरुष ! मुख्यमंत्री बघेल ने क्या कहा

फिल्म आदिपुरुष फिल्म को लेकर देशभर में बवाल मचा हुआ है. इसको लेकर छत्तीगसढ़ में भी विवाद हो रहा है. इस फिल्म को बैन करने को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बड़ा बयान दिया है. सीएम बघेल ने कहा कि जनता की मांग आएगी तो आदिपुरूष को छत्तीसगढ़ में बैन करने की बात सोची जाएगी.

# छत्तीसगढ़ हायर एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव

» अब क्लास बंक करने वालों की खैर नहीं,

» ऑटोनॉमस कॉलेजों में सेमेस्टर सिस्टम से होगी पढ़ाई

**रायपुर, 17 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के हायर एजुकेशन में बड़ा बदलाव किया गया है। जुलाई से शुरू होने वाले कॉलेज और यूनिवर्सिटी के नए सेशन में कई तरह के बदलाव किए गए हैं। बता दें कि प्रदेश में 1986 के बाद से सिलेबस में बदलाव किया गया है। 2000 में नया छत्तीसगढ़ बनने के बाद सिलेबस में सामान्य बदलाव होते रहे हैं। नया सिलेबस केंद्रीय अध्ययन मंडल ने बनाया है।



**नए सेशन में बदलाव**

बता दें कि जुलाई से शुरू होने वाले कॉलेज और यूनिवर्सिटी के नए सत्र को देखते हुए कई अहम बदलाव किए गए है। अब केवल ऑनर्स डिग्री धारक ही पीएचडी कर सकेंगे। साथ ही स्वशासी महाविद्यालयों में सेमेस्टर सिस्टम से पढ़ाई होगी । इसके अलावा क्लास बंक करने वालों के लिए भी नियम बनाया गया है। जिसमें क्लास बंक करने से स्टूडेंट्स फेल भी हो सकते हैं।

दावा किया जा रहा है कि नया सिलेबस रोजगार मूलक है। इसकी डिप्लोमा, डिग्री, ग्रेजुएशन या किसी भी स्तर का कोर्स पूरा करने पर किसी न किसी तरह का रोजगार जरूर मिल जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग के संचालनालय ने सभी विश्वविद्यालयों को कुल सचिवों के नाम आदेश भी जारी कर दिया है। इसमें केंद्रीय अध्ययन मंडल द्वारा बनाए गए सिलेबस को सभी महा विद्यालयों में लागू करने को कहा गया है।

नए सिलेबस को पुस्तकीय ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ा गया है। खास बात यह भी है कि अब किसी भी तरह की पढ़ाई करने वाले को कंप्यूटर कोर्स पढ़ना जरूरी होगा। इसकी अनिवार्यता इसलिए की गई है कि अब समय की जरूरत के अनुसार इसकी पढ़ाई अनिवार्य है। इसी तरह ऑनर्स का कोर्स करने वाले ही अब पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर सकेगा। ऑनर्स भी छात्र को 75 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण करना होगा।




# छत्तीसगढ़ की सियासत में एक और दल की एंट्री

» पुलिस और प्रोफेशनल्स मिलकर लड़ेंगे चुनाव

**रायपुर, 17 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में अब पुलिसवालों और प्रोफेशनल्स की एंट्री होने वाली है। प्रदेश के पुलिसवालों ने मिलकर अपनी एक नई पार्टी बनाई है। इस पार्टी का नाम 'आजाद जनता पार्टी' (छ्क्क) है।

बता दें कि यह पार्टी प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में चुनाव लड़ सकती है। पार्टी ने प्रदेश के सभी जिलों में विस्तार करना भी शुरू कर दिया है। इस पार्टी में डॉक्टर्स, वकील और कई प्रोफेशनल्स, रिटायर्ड/बर्खास्त किये गए पुलिसकर्मी शामिल हैं।

नई पार्टी के गठन पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारत के हर नागरिक को दल बनाने का अधिकार है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है, ये उनके मौलिक अधिकार में आता है। मगर कर्मचारी संगठन राजनीतिक दल नहीं बना सकता।

वहीं बीजेपी का कहना है कि जब से कांग्रेस की सरकार आई है पुलिस के अधिकारी, आईपीएस अधिकारी सब सत्ता के दबाव में है। पुलिस वालों को गैरकानूनी काम करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इसके चलते उनमें डर पैदा हो गया है। पुलिसकर्मी कांग्रेस सरकार से त्रस्त होकर नई पार्टी बना रहे हैं।

भाजपा ने कहा कि यह सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है कि पुलिस वालों को राजनीति में आना पड़ रहा है। लोकतंत्र में सुरक्षा के लिए पुलिस जिम्मेदार हैं। शासन की जिम्मेदारी है पुलिस वालों को संभालकर रखना। माफियाओं को संरक्षण देने के लिए पुलिस को बाध्य किया जा रहा है। इसलिए पुलिस वालों ने ये निर्णय लिया है।

# धर्मांतरण कराने पहुंची महिला व युवती की आक्रोशित भीड़ ने की जमकर पिटाई

**रायपुर/दुर्ग, 17 जून 2023 (ए)।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के उरला बस्ती में धर्मांतरण कराने लोगों को उकसा रही एक महिला व एक युवती की आक्रोशित भीड़ ने जमकर पिटाई कर दी। मामला थाना तक पहुंचा जहां दोनों पक्षों के मध्य समझौता हो गया। सूत्रों ने बताया कि घटना 3-4 दिन पूर्व का है। उरला बस्ती में एक महिला के घर पर प्रार्थना सभा आयोजित थी। बताया जाता है कि प्रार्थना कराने के लिए बाहर से एक महिला व एक युवती वहां पहुंची हुई थी। बताया जाता है कि महिला और



युवती उपस्थित लोगों से धर्म परिवर्तन करने तथा प्रभु की कृपा होने का झांसा देकर ईसाई धर्म अपनाने उकसा रही थी। इस बात की जानकारी मोहल्ले के लोगों को हुई तो उन्होंने इसका विरोध किया। इस बीच जिस घर में यह प्रार्थना सभा हो रही थी, उस घर की प्रमुख महिला वहां से निकल गई। आक्रोशित भीड़ ने प्रार्थना कराने पहुंची महिला व युवती को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई की। इसके बाद उन्हें थाना लाया गया, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता होने की बात सामने आई है।

# डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखी चिट्ठी



**रायपुर, 17 जून 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव के किसानों के हित में केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को पत्र लिखा है। केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखने के बाद शनिवार को डॉ. रमन ने अपने ट्विटर पर भेजे गए पत्र को पोस्ट भी किया है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल को सीमित अवधि के लिए खोला जाए। डॉ. रमन सिंह ने केंद्रीय मंत्री से विगत वर्षों के बीमित कृषकों के बीमा रिकार्ड में सुधार करने का भी आग्रह किया है, ताकि राजनांदगांव जिले के वंचित किसानों को केंद्र की इस जनहितकारी योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

# छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी ने किया परेशान

» रायपुर सहित कई जिलों में भीषण गर्मी और लू के आसार

**रायपुर, 17 जून 2023 (ए)।** मौसम विभाग ने एक बार फिर से अलर्ट जारी करते हुए आने वाले 24 से 48 घंटों के दौरान राज्य में भीषण गर्मी तथा कुछ जिलों में ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाला दो दिनों तक राजधानीवासियों भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसके अलावा रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, बिलासपुर जैसे जिलों में भी लू जैसे हालात बनेंगे। इसके अलावा बस्तर संभाग तथा सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों पर भी लू चलने की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग से जारी नियमित रिपोर्ट की माने तो रायपुरवासियों को अभी गर्मी से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने राजधानी रायपुर के साथ ही रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, बिलासपुर, मुंगेली, राजनांदगांव, दुर्ग और महासमुंद जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए बताया कि इन जिलों में अभी आने वाले दो दिनों तक याने रविवार, सोमवार



तक भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। इस दौरान हीट वेव कंडीशन भी बन सकता है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए बताया कि इन जिलों में अभी गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। इस दौरान इन सभी जिलों में अधिकांश स्थानों पर लू चल सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान का आंकड़ा जो अभी तक 30 डिग्री के करीब बना हुआ है, वह बढ़ सकता है। याने अब रात में भी गर्मी का असर बना रहेगा और लोगों को अभी गर्मी से दो-चार होना ही होगा। इसके अलावा दिन में भी अधिकतम तापमान का आंकड़ा बढ़ सकता है।

दूसरी ओर बेसब्री से मानसून की बौछारों का इंतजार कर रहे लोगों को 20 जून के बाद ही राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 19-20 जून तक लू की स्थिति बनी रह सकती है। इसके बाद प्री-मानसून की बौछारों से तापमान में गिरावट आनी शुरू होगी। अनुमान है कि इस वर्ष 24 जून तक मानसून रायपुर में दस्तक दे सकता है। इस लिहाज से अभी एक सप्ताह तक लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### शमशान घाट में आधी रात को निकला भूत

**बिलासपुर, 17 जून 2023 (ए)।** जिले में प्रैंक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले नाबालिग समेत तीन बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। दरअसल, बदमाश लड़के राहगीरों को डराने के लिए भूतिया वेशधारण कर शमशान घाट के पास निकलते थे और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल भी करते थे। ऐसे ही एक वीडियो मिलने पर पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की है। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। टीआई परिवेश तिवारी को शिकायत मिली थी कि सिविल लाइन क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी स्थति शमशान घाट और वेयर हाउस रोड में कुछ बदमाश



लड़के भूत बनकर निकलते हैं और लोगों को डराते हैं। शिकायतकर्ताओं ने उन्हें सोशल मीडिया में वायरल वीडियो भी दिया था, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने अपनी टीम को बदमाशों की पतासाजी करने के निर्देश दिए। पुलिस की टीम ने उनकी तलाश कर एक नाबालिग समेत तिफरा के इंद्रपुरी निवासी तिलक यादव पिता रामलाल (20) व दीपक यादव अमृत यादव (20) को पकड़ लिया।

# अतिथि शिक्षकों को मिलेगा बोनस अंक

» इस तारीख तक देना होगा प्रमाण पत्र,

» प्रदेश में 12 हजार 489 खाली पदों पर चल रही भर्ती

**रायपुर, 17 जून 2023 (ए)।** राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती के अंतर्गत सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता की भर्ती में अतिथि शिक्षकों को बोनस अंक देने का फैसला किया है। दरअसल, प्रदेश में शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता की भर्ती प्रक्रियाधीन है। इस संबंध में 4 मई को विज्ञापन जारी किया गया था। इस भर्ती में राज्य शासन ने अतिथि शिक्षकों को बोनस अंक दिए जाने का निर्णय लिया है। जल्द ही इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से इस संबंध में सभी अतिथि शिक्षकों को सूचित किया है कि वे 20 जून तक कार्यालयीन समय में बोनस अंक के लिए अपना प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। निर्धारित तिथि और समय के बाद प्रस्तुत प्रमाण पत्र पर किसी भी प्रकार से विचार नहीं किया जाएगा और बोनस अंक दिया जाना संभव नहीं हो पाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रदेश में शिक्षकों के 12 हजार 489 पदों पर भर्ती की जा रही है।




लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से इस संबंध में 12 मई को पत्र जारी कर बोनस अंक दिए जाने की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित की गई थी। इस संबंध में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश भी दिए थे। इसमें शिक्षा विभाग के स्कूलों में कार्यरत अतिथि शिक्षक को प्रत्येक वर्ष के लिए 2 बोनस अंक और अधिकतम 10 अंक संचालक लोक शिक्षण संचालनालय की ओर से प्रमाण पत्र जारी किए जाने पर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने इस संबंध में अतिथि शिक्षकों को प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया निर्धारित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने कहा है। यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी शैक्षणिक सत्र में एक वर्ष से कम अवधि के अध्यापन के लिए शून्य अंक देय होगा। एक पूर्ण शैक्षणिक सत्र के अध्यापन के लिए 2 अंक देय होगा।

# छह माह में 1.26 प्रतिशत कम हुआ कुपोषण

» कलेक्टर डॉ. भुरे ने की समीक्षा

» आंगनबाड़ियों को नियमित और समय पर खोलने के निर्देश

» सभी गर्भवती महिलाओं को मिले गरम भोजन

-सोनू कुमार-

**रायपुर, 17 जून 2023 (घटती-घटना)।** रायपुर जिले में पिछले छह माह में ही कुपोषण में 1.26 प्रतिशत की कमी आई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन में कुपोषण मिटाने के लिए चलाये जा रहे अभियानों के लिए यह एक अच्छी खबर है। रायपुर जिले में पिछले दिसम्बर माह में कुपोषण का प्रतिशत 12.18 था जो कि मई माह के अंत में 10.92 प्रतिशत तक गिर गया है। पिछली छहमाही में जिले में मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या में 991 की गिरावट आई है वहीं 216 गंभीर कुपोषित बच्चें भी कम हुए है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज जिले में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विकासखण्डों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को नियमित समय पर खोलने और बच्चों के लिए गुणवत्ता पूर्ण पोषक और स्वादिष्ट भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. भुरे ने कुपोषण को और कम करने के लिए बच्चों के पालकों को अधिक से अधिक जानकारी देने, खान-पान के प्रति जागरूक बनाने और गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर श्री जयंत नहटा,




जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निशा मिश्रा सभी परियोजना अधिकारी भी शामिल हुए।

गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए पालकों को जागरूक करने दुलार अभियान जिले में गंभीर और मध्यम कुपोषित छोटे बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए पालकों का जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। दुलार अभियान के नाम से संचालित इस कार्यक्रम में दूसरे और चैथे मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला दुलार दिवस का आयोजन करता है। इस आयोजन में गांव के चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के पालकों को बुलाकर उन्हें पोषण आहार और अन्य दूसरी जरूरी जानकारियां दी जाती है। कुपोषित बच्चों के लिए रेडी-टू-ईट पोषक आहार से बनाए जा सकने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों की जानकारी और विधि, पोषक आहार महत्व, साफ-सफाई और हाईजिन के फायदे भी इस दिन पालकों को बताये जाते है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दुलार दिवस के दिन बच्चों का वजन भी लिया जाता है। छह माह के बच्चों को अन्नप्रासन संस्कार और बालभोज का आयोजन भी इस दिन केन्द्रों पर होता है। इसके साथ ही पोषक आहार और व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी इस दिन लगाई जाती है। जिले में अभी तक इस अभियान के अच्छे परिणाम मिले है। दुलार अभियान से अब तक छह माह से 3 वर्ष तक के 4 हजार से अधिक कुपोषित बच्चों को फायदा हुआ है। बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप, पंजीयन और उनका हीमोग्लोबिन टेस्ट कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्म भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन में बिजली, पंखे, पानी, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए। उन्होंने जिले में कुपोषण दर में कमी लाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के साथ-साथ मेहनत और लगन से कार्य करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने नोनी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, पोषण पुनर्वास केन्द्रों से लाभान्वित बच्चों की भी जानकारी ली।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)